### जाम से मिलेगी निजात

आरटीओ चेकिंग के कारण मध्यप्रदेश से आने वाली ट्रकें रूकी रहती है। जैसे ही चेकिंग बंद होती है, वैसे ही वाहनों का रेला लग जाता है। जिसके कारण घाटी में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। धवईपानी के समीप पुलिस द्वारा बेरियर लगाए जाने की तैयारी है। जिससे बड़े वाहनों को रूकने नहीं देंगे, उन्हें धीरे-धीरे रवाना किया जाएगा।

- धर्मेन्द्र सिंह, एसपी, कवर्धा

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024

### जाम खुलवाना छोड़ सिर्फ वसूली

दो राज्यों को जोड़ने वाली चिल्फी घाटी में लगने वाले जाम का महत्वपूर्ण कारण परिवहन विभाग भी बना हुआ है। मध्यप्रदेश में परिवहन महकमे द्वारा मोतीनाला के पास उड़नदस्ते को तैनात किया गया है। ऐसे ही चिल्फी गांव में आरटीओ का बेरियर है। वहीं बोड़ला के समीप दुर्ग उड़नदस्ते का दल 24 घंटे वसूली कर रहा है। घाटी में लग रहे जाम को खुलवाने की दिशा में दोनों ही प्रदेश का परिवहन अमला फेल नजर आ रहा है।

# 12 किलोमीटर की चिल्फी घाटी में 15 से 20 घंटे तक थम रही आवाजाही

## नो नेटवर्क इलाके में फंस रहे यात्री, दोनों राज्यों का परिवहन विभाग जाम खुलवाना छोड़ वसूली में जुटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव / कवर्धा

लोगों की यात्रा सुगम बनाने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार भले ही अरबों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन राज्य में अब भी ऐसे कई इलाके हैं, जहां घंटों का जाम आम बात हो गई है। ऐसी ही हालात छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे क्रमांक 30 का है। करीब 12 किलोमीटर की चिल्फी घाटी के बेहद संकीर्ण होने के कारण यहां नो नेटवर्क के बीच यात्रियों को 15 से 20 घंटे तक कड़ाके की ठंड में गुजारना पड़ रहा है।

प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले में स्थित चिल्फी घाटी की सड़क को चौड़ीकरण किए जाने की पिछले लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन शासन स्तर पर कोई पहल नहीं होने के चलते अब यहां विकराल संकट के हालात निर्मित होने शुरू हो गए हैं। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार ने मोतीनाला से लेकर जबलपुर तक सीमेंट की सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण काम पूरा कर दिया है। इस सड़क के तैयार होने के बाद से इस मार्ग में यात्री से लेकर मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने कवर्धा से बोड़ला तक सड़क का निर्माण काम पूरा किया है, लेकिन चिल्फी घाटी के 12 किलोमीटर की सड़क को दुरुस्त करने की दिशा में कोई काम नहीं किया है। घाटी की सड़क के बेहद संकीर्ण होने के चलते यहां लगातार जाम की शिकायतें सामने आ रही है। हालात यहां तक निर्मित हो गए हैं कि कड़ाके की ठंड में लग रहे 15 से 20 घंटे के जाम में यात्रियों को रतजगा करना पड़ रहा है। 12 किलोमीटर की घाटी को क्रॉस करने में दो से तीन घंटे तक लग रहे हैं। चिल्फी के ग्रामीणों का कहना है कि घाटी की सड़क को चौड़ाकृत किए जाने के बाद से जाम की स्थिति को दूर किया जा सकता है।



### घाटी में खराब हो रही ट्रकें

चिल्फी घाटी के बेहद संकीर्ण होने के साथ-साथ यहां आए दिन बीच रास्ते ट्रकों के खराब और दुर्घटनाग्रस्त होने से जाम की अवधि बढ़ रही है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने के लिए भी कोई इंतजाम नहीं होने के कारण दिक्कतें बढ़ते जा रही है।

### जाम ऐसा कि पुलिस ने बनाई टीम

चिल्फी घाटी में लगातार लग रहे घंटों जाम को खुलवाने की दिशा में सिर्फ पुलिस ही सड़क पर दिखाई दे रही है। कवर्धा पुलिस महकमे ने चिल्फी और बोड़ला में जवानों की बकायदा एक टीम भी बना दी है, जो सुबह से रात तक घाटी में दौरा कर यात्रियों को जाम से निजात दिलाने की कोशिश कर रही है।

## देर रात तक जारी नहीं हुआ स्थगन का आदेश, पशोपेश में फंसा रहा महकमा

# फर्जीवाड़े से घिरी पुलिस आरक्षक भर्ती रद्द, एसआईटी करेगी मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंको की एंट्री में गड़बड़ी के साथ भ्रष्टाचार के विवादों में घिरी राजनांदगांव पुलिस आरक्षक भर्ती को आखिरकार स्थगित कर दिया गया है। सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृह विभाग ने रद्द का आदेश जारी कर दिया है। ज्ञात हो राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ सहित कवर्धा जिले के करीबन 65 हजार अभ्यर्थियों ने लगभग पांच सौ पद के लिए फार्म भरा था। वहीं इस मामले में संहेदी एक आरक्षक ने आत्महत्या भी कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार सप्ताह भर पहले ही राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा एवं एसपी मोहित गर्ग ने गड़बड़ी मिलने के बाद प्रक्रिया को रद्द करने के लिए प्रदेश शासन को पत्र लिख दिया था। हालांकि सात दिनो तक इसपर कोई कदम नहीं उठाया गया था, परन्तु विपक्षी दलों द्वारा लगातार उठाए जा रहे सवालों के साथ ही गलत एंट्री की संख्या में होते इजाफे को देखते हुए बुधवार को भर्ती प्रक्रिया रद्द करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू की गई है। राजनांदगांव जिले में भी राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अं.चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं पी.टी.एस. राजनांदगांव के रिक्त पदों के लिए आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 8वीं वाहिनी भारत रक्षित प्रांगण-मैदान में आयोजित की गई। इस दौरान ही अभ्यार्थियों द्वारा दिए गए शरीरिक दक्षता के अंको की एंट्री में गड़बड़ी का मामला सामने आया। जिसके बाद से ही पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की लगातार मांग उठ रही थी।



### विस अध्यक्ष ने दिए निर्देश

राजनांदगांव में जारी पुलिस भर्ती में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से प्रक्रिया को रद्ध करने के निर्देश दिए थे। बताया जाता है कि विस अध्यक्ष डा. सिंह ने आईजी और एसपी से पूरी रिपोर्ट लेने के बाद सीएम विष्णुदेव साय से चर्चा की। विस अध्यक्ष डा. सिंह ने साफ तौर पर कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### एक आरक्षक ने की थी आत्महत्या

पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान लेन-देन और धांधली के संदेह में घिरे पुलिस जवान अनिल रत्नाकर ने 20 दिसंबर की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में मृतक आरक्षक की लॉन्ग जंप में ड्यूटी लगाई गई थी। इस भर्ती में फर्जी डेटा एंट्री मिली थी। जिसमें कैंडिडेट के डेटा बदले गए थे। जिसको लेकर एफआईआर कराया गया था और जांच की जा रही थी।

**आदेश के इंतजार में रहा विभाग :** भले ही भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने की बातें नेताओं द्वारा सोशल मीडिया से जारी कर दी गई हो। लेकिन इसका अधिकारिक आदेश देर शाम तक जारी नहीं हो पाया था। यहीं कारण था कि राजनांदगांव पुलिस महकमा स्थगन को लेकर पशोपेश में ही फंसा रहा। बताया गया कि बुधवार को भी दिनभर भर्ती प्रक्रिया जारी रही।

### ऐसे सामने आई थी गड़बड़ी

दर्ज एफआईआर अनुसार डीएसपी अनुप्रिया ठाकुर को भर्ती प्रक्रिया के तहत गोला फेंक इवेंट का प्रभारी बनाया गया था। इसी इवेंट के तहत जब उन्होंने दर्ज अंकों को चेक किया तो पाया कि एक महिला अभ्यर्थी को 20 अंक मिलना दर्ज है, जबकि इवेंट के दौरान किसी भी अभ्यर्थी ने 20 अंक हासिल नहीं किए थे। ऐसे में उन्होंने इसकी पड़ताल करने के लिए मैनुअल दर्ज किए गए अंकों के साथ ही सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। जिसमें अंकों से छेड़छाड़ होने की पुष्टि हुई है।

### अब तक तीन हजार एंट्री मिली गलत

पुलिस भर्ती मामले में गड़बड़ी मिलने के बाद अब तक शारीरिक दक्षता में शामिल हो चुके अभ्यर्थियों के दर्ज अंकों की जांच शुरु की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हैदराबाद की कंपनी टाइमिंग टेक्नोलॉजी द्वारा तीन हजार से अधिक एंट्री गलत दर्ज की गई है। वहीं कई अभ्यर्थियों के दो से तीन दफा नाम दर्ज है, जबकि भर्ती नियमों के अनुसार किसी भी अभ्यर्थी को एक से अधिक अवसर नहीं दिया जा सकता है।

### अब तक सात लोग गिरफ्तार

एसपी राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर पुलिस महकमे द्वारा इस मामले में एक्शन लेते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक इस मामले में गड़बड़ी में शामिल रहे सात लोगों के खिलाफ एक्शन लिया जा चुका है, जिसमें चार पुलिस आरक्षक, दो डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं एक अभ्यार्थी शामिल है। गिरफ्तार होने वालों में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, नुतेश्वरी दुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश धुर्वे,परिधि निषाद एवं अभ्यर्थी मीना पात्रे शामिल है।

# लाटरी का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मोबाइल फोन पर 10 लाख की लाटरी लगने का झांसा देकर प्रार्थी से ठगी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को झांसी से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।




पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं थाना प्रभारी एवं सायबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई एवं सायबर अपराधों के प्रति समर्थ जागरूकता अभियान के अंतर्गत लगातार आमजनों को सायबर ठगी से बचने विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। वहीं जिले में सायबर ठगी करने वाले अलग-अलग राज्यों के अपराधियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जा रही है। विवेचना के दौरान अज्ञात मोबाइल धारक का लगातार तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबीर के माध्यम से पतासाजी की जा रही थी। आरोपी के झांसी में होने की संभावना पर थाना खैरागढ़ चौकी जालबांधा एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम तैयार कर झांसी रवाना किया गया, जहां टीम द्वारा प्रयास कर संदेही राधा कृष्णा यादव उर्फ राधे 23 साल ग्राम डिकोली थाना ईरच जिला झांसी उत्तरप्रदेश से पूछताछ पर बताया कि प्रार्थी को स्वयं को केवीसी हेड आफिस न्यू दिल्ली का अधिकारी एवं स्टेट बैंक आफ इंडिया का मैनेजर बनकर घटना दिनांक को फोन कर उसका 10 लाख लॉटरी लगने का लालच देकर प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर 196700 रुपए छलपूर्वक जमा करा लिया था। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी राधा कृष्णा यादव द्वारा प्रकरण में अपराध धारा 419, 468, 471, 201 भादवि का भी अपराध में घटित करना पाए जाने से प्रकरण में धारा जोड़ी गई। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**ऐसे की ठगी :** 31 मई को प्रार्थी किरण साहू 28 वर्ष ग्राम मड़ौदा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा आपका नंबर लक्की ड्रा में सलेक्ट हुआ है और दस लाख रुपए का लाटरी लगा है, का झांसा दिया। फाईल चार्ज एवं अन्य चार्ज के नाम से 196700 प्रार्थी से छलपूर्वक जमा कराने की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा-420 भादवि 66 डी आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# वाहन में ले जा रहे थे मवेशी, पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर माल वाहक में मवेशी भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 दिसंबर की सुबह गश्त के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग के पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर जिला बालोद से काकोड़ी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के बूचड़खाना क्रूरतापूर्वक ले जा रहा है।



उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक केदारनाथ चंद्रवंशी, आरक्षक मोहित कुमार साहू, श्रवण कुमार पैकरा एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### नाकेबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा

इस सूचना पर थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने ग्राम मातेखेड़ा के पास नाकेबंदी कर उक्त पिकअप वाहन को रोककर आरोपी द्वारा पशु तस्करी करते पाए जाने पर विधिवत कार्रवाई करते तस्करी करने वाले आरोपी वाहन चालक संजू कुमार 25 वर्ष निवासी ग्राम भरनाभाट थाना देवरी एवं तस्करी करवाने वाले आरोपी विश्राम कुमार सोनकर 45 वर्ष निवासी ग्राम भरनाभाट थाना देवरी द्वारा अपराध करना पाए जाने पर कार्रवाई करते जेल भेजा गया।

# थानेदारों को एसपी के निर्देश: अवैध कारोबार पर कसे शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली। इस दौरान जहां लंबित मामलों की समीक्षा की गई। पुलिस अवैध गांजा, ड्रग्स, शराब एवं गौतस्करी के मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।




पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा 14 एवं 25 दिसंबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से (राजपत्रित अधिकारी पुलिस) एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग लिया गया। जितने भी मर्ग पेंडिंग हैं, उसका शीघ्र निराकरण करने हेतु हिदायत दी गई, संबंधित अपराधों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने हेतु हिदायत दी गई। रात्रि में पैदल गश्त पर विशेष ध्यान रखने हेतु कहा गया। न्यू ईयर के पहले 31 दिसम्बर की रात्रि को जिले के सभी होटल व ढाबा अपने निर्धारित समय पर बंद करें, यदि किसी प्रकार के अवैध तरीके से शराब पीलाने पाए जाने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा थाना बसंतपुर, लालबाग, सोमनी में 15 जनवरी से ऑनलाइन एफआईआर के लिए चयन किया गया है। संबंधित थाना प्रभारी को तैयार करने हेतु कहा गया।

### संदिग्धों की पहचान कर करें कार्रवाई

जिसमें आगामी त्यौहार, न्यू ईयर के मद्देनजर तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। थानों पर लंबित विवेचनाएं की समीक्षा कर लंबित अपराधों का निराकरण जल्द से जल्द करने हेतु कहा गया। साथ ही अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने निर्देश दिए।

### तस्करों का चैन तोड़ने निर्देश

अवैध गांजा एवं शराब की नष्टीकरण करने हेतु कहा गया। गांजा एवं अवैध शराब तस्करों पर अधिक से अधिक कार्रवाई कर उनका चैन को तोड़ने, अवैध गांजा एवं शराब व पशु तस्करी के मामले में जब्त वाहनों को संबंधित न्यायालय से राजसात की कार्रवाई, सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बाहर से आए मुसाफिरों की चेकिंग कर फिंगर प्रिंट लेकर संदिग्धों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर संबंधित जिला से उनके बारे में जानकारी लिया जाने एवं आवश्यकता पड़ने पर उनके जिला वापस भेजे जाने कहा गया।

## मसीही गीत की गूंज, हर्षोल्लास से मना क्रिसमस का पर्व

# प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस-डे का पर्व मसीह समाज द्वारा भक्तिभाव पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न चर्च में आकर्षक साज-सज्जा की गई। वहीं विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन करते हुए मसीही गीत गया और समाज के लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी।

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव का पर्व मसीह समाज के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में विशेष आकर्षक सजावट के साथ प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोगों सहित शहर के जनप्रतिनिधि भी आयोजन में शामिल हुए। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को पढ़ा गया। वहीं समाज के लोगों ने इस अवसर पर मसीह गीत प्रस्तुत किया।



### क्रिसमस मिलन का आयोजन

मसीह समाज के अध्यक्ष डॉ. सुमन लाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह मानव के उद्धार के लिए धरती पर मानव रूप में आए। उन्होंने कहा कि उद्धार करता प्रभु यीशु मसीह के बिना पापों का क्षमा नहीं होता। उन्होंने आयोजन को लेकर बताया कि चर्च में विशेष प्रार्थना सभा के साथ ही शाम 7:00 बजे से क्रिसमस मिलन कार्यक्रम का आयोजन नगर वासियों के लिए किया गया। जिसमें केक , कॉफी चॉकलेट का वितरण कर खुशियां बांटी गई।

### झांकी के साथ क्रिसमस ट्री

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यीशु मसीह के जन्म को लेकर चर्च परिसर में उनके जन्मस्थली की प्रतीकात्मक झांकी बनाई गई और विशेष क्रिसमस ट्री सजाई गई थी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सांकरा में जयंती कार्यक्रम 28 को

**सोमनी।** ग्राम सांकरा में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। कल 26 दिसंबर को शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया जाएगा। आगामी 27 दिसंबर को मंडई एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम, 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जयंती के मौके पर जयस्तंभ में दीप प्रज्ज्वलित कर शोभायात्रा निकाला जाएगा। जयस्तंभ पूजा के बाद ध्वजारोहण होगा। उन्होंने सभी से शामिल होने का आव्हान किया है।

### कॉलेज में मनाया गया किसान दिवस

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। उन्होंने हमेशा किसानों की अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष किया तथा किसान ट्रस्ट की स्थापना किया था। प्राणीशास्त्र विभाग के महेश साहू ने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस किसानों के योगदान, चुनौतियों और लक्ष्यों पर चर्चा करने का अवसर देता है। कार्यक्रम में डॉ. नवीन सिंह राजपूत, नेमू साहू, रविप्रकाश चतुर्वेदी, हिरेन्द्र साहू, पूजा देवांगन, भारती साहू, मासूम वर्मा, मोनिका सिन्हा आदि शामिल हुए।




### जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**घुमका।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन औषधि केंद्र शुरू किया गया। शुभारंभ के मौके पर बीएमओ डॉ नंदकिशोर टंडन, डा प्रीति बघेल, टेकराम साहू, सरोज वर्मा, हीरोबाई, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकारी अध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा, नवीन लूनिया, जयसिंह वर्मा, तामेश्वर वर्मा, शौकीलाल आदि उपस्थित थे। बीएमओ श्री टंडन ने बताया कि जन औषधि केंद्र में मरीज को कम दाम में दवा मिलेगी।



### मेगा टेस्ट में शामिल हुए बच्चे

**जेवरतला रोड।** जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के पूर्व मेगा मॉक टेस्ट का आयोजन कन्या शाला पिनकापार में किया गया जिसमें 100 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू समाज राजनंदगांव एवं कन्या शाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टेस्ट में प्रथम श्रेयांश बोरकर एवं द्वितीय स्थान लक्ष्य ने प्राप्त किया जिन्हे पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर सरपंच सोमिन भुआर्य, विमला बोरकर, एसके नुन्हारे, शत्रुहन सोनकर, गिरिजा साहू, माधवराम साहू, नितेश लुन्हारे, मुकेश कोसरिया, अनिल कुंवर, तोमेश्वरी साहू, निर्मल मानिकपुरी, चंद्रभान हिरवानी, भोजराम गंजीर, भिखुराम साहू, चंदूलाल, क्षत्रेश साहू, रोशन साहू मौजूद थे।



### लड़खड़ा गई धान खरीदी व्यवस्था

**छुरिया।** धान खरीदी व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह लड़खड़ा गई है। आए दिन जाम के हालात बनने के बाद धान खरीदी बंद करना पड़ रहा है। इस वर्ष शुरूवाती दो सप्ताह ही सही तरीके से धान खरीदी हो सकी है। परिवहन नहीं होने से खरीदी रोकना पड़ रहा है जिससे किसानों को परेशानियां उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जगह की कमी होने के बाद खरीदी केन्द्र बम्हनी में मंगलवार से धान खरीदी बंद है। इसी तरह छुरिया, बंजारी, खोभा, शिकारीमहका, भोलापुर में भी हजारों क्विंटल धान जाम है। हालत यह है कि एक- दो दिनों में यहां भी धान खरीदी बंद हो सकती है। जानकारी के अनुसार बम्हनी में अब तक 55 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है जिसमें से मात्र दो हजार क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। उपार्जन केन्द्र में 53 हजार क्विंटल धान जाम है। इसी प्रकार छुरिया, बंजारी, खोभा, शिकारीमहका, भोलापुर में भी हजारों क्विंटल धान जाम है।

### थैलीटोला मड़ई 31 को

**बांधाबाजार।** समीपवर्ती ग्राम थैलीटोला का आगामी 31 दिसंबर को मंडई मेला रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए राधाकृष्णन नाच पार्टी दुर्रेबंजारी का मंचन होगा। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी लखन लाल सिन्हा ने दी।

### बाबा ने दिखाया कल्याण का रास्ता

**छुरिया।** गहिराभेड़ी में विधायक भोलाराम साहू की मौजूदगी में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाया गया। श्री साहू ने विधिवत पूजा- अर्चना कर लोगों से सत्य की राह पर चलने का आव्हान किया। इस मौके पर राजू सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, चुम्मन साहू, मनोज सिन्हा, प्रतिमा साहू, ईश्वरलाल साहू, मानिकराम साहू, मनोहर महिलकर, जनक महिलकर, छमिरादास, जयप्रकाश महिलकर, लक्ष्मण जगने, तेजराम कस्तुरे, अगसिया बाई, रूखमबाई पाल, रहीबाई कंवर, प्रेमसिंह महेलकर, प्रिया महेलकर, ओमिन, फिरंगी साहू, शरद पाल आदि मौजूद थे।



### पंचायतों की आरक्षण प्रक्रिया 28 को

**मोहला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसी प्रकार सरपंच एवं पंच के आरक्षण की कार्यवाही लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय मोहला के कक्ष क्रमांक 1 में अंबागढ़ चौकी के लिए, कक्ष क्रमांक 2 में मोहला एवं कक्ष क्रमांक 3 में मानपुर जनपद पंचायत के लिए किया जाएगा। आरक्षण की कार्यवाही निर्धारित दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। आरक्षण प्रक्रिया में सभी नागरिक शामिल हो सकते हैं।

### झिंझारी मड़ई 30 को

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत झिंझारी में आगामी 30 दिसंबर को मड़ई का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में गोपी किशन नाच पार्टी चरोटा अंगारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए मोरध्वज साहू ने लोगों से शामिल होने की अपील की है।

## नियमों को ताक पर रखकर कर रहे व्यवस्थापन, जनसुविधाओं की हो रही अनदेखी

# विकास छोड़कर विनाश करने उतारू हैं शहर के जनप्रतिनिधि

**चबूतरा में व्यवस्थापन से बढ़ेगी समस्या**

**अधिकारी मौन रहकर गलत कार्यों को दे रहे संरक्षण**

### भारी पड़ रहा भाजपा-कांग्रेस का गठजोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

सत्ता को मेवा खाने का जरिया बनाते हुए कांग्रेस-भाजपा के नुमाइंदे शहर के व्यापार और व्यवस्था को चौपट करने में लगे हैं वही अधिकारी अंकुश लगाने के बजाए उनका साथ दे रहे हैं। जनप्रनिधियों की करतूतों पर अंकुश नहीं लगा तो आने वाले दिनों में शहरवासियों को गंभीर परिणाम भोगना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि पहले शहर में व्यापार काफ़ी अच्छा था। साप्ताहिक और दैनिक बाजार में आसपास के 10 से 15 किमी के दायरे में बसे गांव के लोग खरीदी- बिक्री करने आते थे।

पसरा टेक्स के नाम पर जमकर लूट खसोट करने के कारण सब्जी सहित अन्य कारोबारियों ने शहर में आना बंद कर दिया और देखते ही देखते शहर में सन्नाटा पसरता गया और अर्जुनी, मोहड़, खुज्जी, कोनारी सहित अन्य गांव में धंधा केंद्रित होते गया। रही सही कसर वार्ड चार से सब्जी बाजार को हटा कर कम्पलेक्स बनाकर पूरा कर दिया गया। इस कम्पलेक्स की दुकानों के शटर आबंटन के पांच साल बाद भी नहीं खुल सके हैं।

#### नहीं बना फेस टू

शहर के कारोबार को गति देने के लिए शापिंग काम्पलेक्स के सामने ही फेस टू का निर्माण प्रस्तावित था। राशि स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया के बाद वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया था। ठेकेदार को निर्माण की मियाद तक जमीन खाली करवा कर नहीं दिया गया जिससे काम शुरू नहीं हो सका और अंततः टेंडर ही निरस्त कर दिया गया। पता चला है कि फेस टू की कुछ जमीन को व्यापारियों के नाम पर दर्ज कर दिया गया है जिन्हे बचाने के लिए व्यापक हितों की अनदेखी कर पूरे निर्माण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।



#### गलत नहीं होने देंगे



प्रस्ताव का अनुमोदन अभी नहीं हुआ है। आबंटन में नियम और प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। किसी भी सूरत में गलत नहीं होने दिया जाएगा।

**दलेश्वर साहू**, विधायक

#### विपक्ष भूल गया भूमिका

सत्ता और विपक्ष का गठजोड़ शहर को काफी भारी पड़ रहा है। बीते पांच सालों में कभी ऐसा मौका नहीं आया जब भाजपा ने कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों के गलत कार्यों का विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विरोध किया हो। महत्वपूर्ण बात यह है कि नुकसान दायक फैसले होने के बाद दोनों पार्टी के बड़े नेता मौन साधे हुए हैं।

#### जांच के बाद होगी कार्रवाई



नगर पंचायत की मौजूदा कार्यकारिणी ने कई गलत फैसले लेकर काम करवाए हैं। निकाय चुनाव के बाद तमाम प्रस्ताव और कार्यों की जांच करवा कर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**दिनेश गांधी**, भाजपा नेता

#### सोनिया गाँधी का अपमान

कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अपनी ही पार्टी की अध्यक्ष रही सोनिया गांधी का अपमान करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं जिसका उदाहरण यह है कि पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री गीतादेवी सिंह ने महिलाओं की सुविधा के लिए महिला भवन का निर्माण कराया था। इस भवन का कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पहले मुख्यमंत्री अजित जोगी ने लोकार्पण किया था। जन प्रतिनिधियों ने इस भवन की पहचान मिटाते हुए शपिंग काम्पलेक्स में तब्दील कर दुकानदारों के हवाले कर दिया है।

#### जनसरोकार के विरूद्ध फैसला

शहर और सुविधा विकास करने के बजाए भाजपा- कांग्रेस के लोग अपना उल्लू सीधा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। जन सुविधा के लिए बने इंदिरा प्रियदर्शनी सांस्कृतिक भवन, अंबेडकर भवन और वार्ड आठ के सांस्कृतिक भवन को लीज में देने की पूरी तैयारी हो गई थी। कांग्रेस से विरोध के स्वर उठने के बाद इस प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया। निजी हाथों में भवनों के चले जाने के बाद शादी, तेरहवीं, धार्मिक आयोजन के लिए लोगों को मनमाना शुल्क देना पड़ता।

#### चबूतरा बेचने की तैयारी

व्यवसायिक परिसर में लोगों की आवाजाही के लिए चबूतरा बनाया गया है। इस चबूतरे को अब दुकानदारों के हवाले करने की तैयारी हो गई है। इस संबंध में गत 20 दिसंबर को बैठक में निर्णय लिया जाना था। बैठक को स्थगित होने से दुकानदारों के व्यवस्थापन का मसला अटक गया है। संभव है कि भाजपा- कांग्रेस के बीच गठजोड़ होने के कारण चुनाव की घोषणा होने के पहले इस प्रस्ताव पर मुहर लग जाए। चबूतरा का कब्जा मिलने के बाद दुकानदार शटर को बाहर लगाने के साथ सीढ़ी को सड़क तक बढ़ाएंगे साथ सामान भी फैला कर रखेंगे, जिससे चंडी मंदिर से दुर्गा मिल मार्ग की आवाजही बाधित हो जाएगी। आवाजाही और पार्किंग की सुविधा नहीं होने से ग्राहकों का दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

#### नियम विरूद्ध व्यवस्थापन

हाल ही थोक सब्जी बाजार को नए बस स्टैंड के पास शिफ्ट किया गया है। थोक व्यापारियों के व्यवस्थापन के लिए पीआईसी ने बस स्टेण्ड में बने कम्पलेक्स के पीछे की 14 दुकान देने का प्रस्ताव पारित किया गया था, किन्तु प्रस्ताव के विरूद्ध 27 दुकानदारों से राशि बिना सक्षम स्वीकृति के जमा करवा लिया गया। दुकानों को देने में न अंचल संपत्ति अंतरण नियम का पालन किया गया और न दर तय करने के लिए टेक्निकल रिपोर्ट लिया गया। गौरतलब है कि हाल ही जनपद पंचायत ने 5 दुकान नीलाम किया था जिससे उसे 1 करोड़ 14 लाख मिले थे। स्थानीय प्रशासन भी दुकानों को नीलाम करता तो बड़ी आमदनी हो सकती थी। निकाय ने नाममात्र राशि लेकर निकाय का ही बड़ा नुकसान कर दिया।

## गणित प्रश्नोत्तरी में योगेश विजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. चेतन साहू, प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. एनके लहरे थे। दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। संचालन छात्र दुकेश्वर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डां ठाकुर ने दैनिक जीवन में गणित के महत्व को बताया गया। तत्पश्चात अतिथि ने पाई के महत्व, थेल्स प्रमेय एवं अंकों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान आयोजित गणित प्रश्नोत्तरी में प्रथम योगेश कुमार, द्वितीय पूजा यादव, तृतीय स्थान खुमेश्वरी ने प्राप्त किया। इस मौके पर हरवंश चौरगे, हेमशंकर साहू, ओमप्रकाश सहारे, डॉ. काव्या जैन, डॉ संजू सिंह, चांदनी पराते, सरोजनी वर्मा, हनी ठक्कर, लीना साहु, सौम्या देवांगन, शुभि जैन, हिमानी साहू आदि मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन हेमशंकर साहू ने किया।

## खबर का असर: मंगियाटोला में मंजूरी के बाद स्कूल निर्माण शुरू



**छुरिया।** हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम मंगियाटोला में स्कूल भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले दिनों यह ग्राम तब सुर्खियों में आया था जब यहां की शिक्षा व्यवस्था को हरिभूमि ने सविस्तार खबर प्रकाशित किया था। खबर को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने भवन निर्माण के लिए तत्काल राशि मंजूर किया। मंजूरी मिलने के बाद अब भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भवन ने लिए ले आउट देकर ठेकेदार को निर्माण जल्दी चालू करने कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि मंगियाटोला के ग्रामीणों ने बच्चों के बैठने की व्यवस्था नहीं होने पर झोपड़ी बनाया था जहां बच्चे पढ़ाई करते थे। भवन बनने के बाद बच्चों को झोपड़ी में नहीं बैठना पड़ेगा। ग्रामीणों ने त्वरित पहल के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल का आभार जताया है।

### गोड़वाना भवन का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में गोंडवाना भवन का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक बघेल ने कहा कि सभी को ग्राम के विकास के लिए एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। विकास के लिए शिक्षा को जरूरी बताते हुए बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। इस मौके पर दाऊ भूपेंद्रसिंह ठाकुर, विप्लव साहू, दाऊ तोपसिंह राजपूत, जैनेन्द्र साहू, कुमारी सिन्हा, खुमान देशलहरा, भीखम सिन्हा, गौतमचंद जैन, संतोष सिन्हा, संतोष कुंजाम, नरोत्तम सिन्हा आदि मौजूद थे।



## परभणी घटना के विरोध में रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- अम्बेडकर समर्थकों ने विरोध में किया नारेबाजी




परभणी में घटित घटना और आंबेडकर के अपमान के विरोध में आदर्श नागसेन बौद्ध बिहार से अंबेडकर के अनुयायियों ने रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। एससी- एसटी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष राजेश नेताम, दीपक ऊके, अनिल लांडगे, निर्भयदास चोखान्द्रे ने बताया की महाराष्ट्र के परभणी में असामाजिक तत्वों ने संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अंबेडकर के पुतले के पास में बनी संविधान की आकृति को खंडित कर दिया था। इस घटना के बाद सोमनाथ सूर्यवंशी की मृत्यु हो गई। आंबेडकर अनुयायियों ने रैली में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए। घटना के विरोध में जगह जगह नारेबाजी करते हुए रैली तहसील कार्यालय पहुंची जहां एससी- एसटी संघर्ष मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सभा को भंते कुमार कश्यप, भंते नागरत्न, डॉ. मनोज गजभिये, सिद्धार्थ नागदेवे, योगेश चौरे, एचके आजाद, धीरज मेश्राम, नलिनी मेश्राम, किरण मेश्राम ने संबोधित किया। इस दौरान मनोज चंद्रिकापुरे, अमीन ऊके, नरेश करसे, हेमेंद्र नागदेवे, विजयराज सिंह चौहान, माया भास्कर, प्रीति लाटिया, सुनंदा डोंगरे, उर्मिला मेश्राम, बबिता जनबंधु, नीता इंदुरकर, प्रिया इंदुरकर, मुन्नीबाई, सविता मेश्राम, अनुपमा लाडगें, सारिका बडोले, रीना सहारे, प्रतिभा नारनवरे, संजू गजभिये सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

### श्रद्धा से मनायी गई बाजपेयी की जयंती

**एलबी नगर।** ग्राम पंचायत रामाटोला के अटल चौक में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर सरपंच चित्ररेखा मंडावी, रोजगार सहायक मनहरी मंडावी, लाकेश मंडावी, केशो वर्मा, नागराज साहू, जगदीश देवांगन, चंद्रशेखर वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, ग्राम पटेल जगनू वर्मा, रामशरण वर्मा, तीजु राम यादव, झुमुक देवांगन, भूणेश्वर वर्मा आदि की उपस्थिति में सुशासन दिवस मनाया गया।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला मंडल की अध्यक्ष बनीं पिंकी

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज की महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पिंकी प्रणय अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। नई कार्यकारिणी में प्रमुख



सलाहकार मीरा गणेश नरेड़ी, उपाध्यक्ष वर्षा पंकज अग्रवाल, पूजा आकाश अग्रवाल, सचिव रितु किसन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ममता गोपाल अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य रमा काजू अग्रवाल, शैलजा राजेश अग्रवाल, संध्या संजय नरेडी, नीलम नितिन अग्रवाल, रेखा पूनम बंसल, डॉ. झरना बालमुकुंद अग्रवाल, वर्षा विष्णु अग्रवाल को बनाया गया है। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं सचिव महेंद्र अग्रवाल ने महिला मंडल की नई टीम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज में महिलाएं किसी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

### बरबसपुर में मना सुशासन दिवस

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत बरबसपुर में सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान अटल चौक में पंचायत पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण क उनके सपने को



साकार करने की शपथ लिया। इस अवसर पर अमित शर्मा, खेमसिंग यादव, सचिव प्रीतिसिंह राजपूत, परदेशी धनकर, मन्नूसिंह खुसरो, सुशीला कश्यप, राधा कश्यप, देवनाथ मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन दिवस

**गंडई पंडरिया।** संत आशाराम बापू की प्रेरणा से 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। गंडई में श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में 15 दिनों से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था के डॉ घनश्याम साहू



ने बताया कि समिति के सेवाधारियों ने गांव- गांव, विद्यालयों और सोसायटियों में जाकर तुलसी पूजन का महत्व बताया। लोगों को तुलसी पूजन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रमों में तुलसी पूजन, प्रदक्षिणा और आरती की गई। ग्रामीणों को मनहरण कौशिक, टीकम साहू, उत्तम राजपूत, डालेश्वर साहू, प्रवीण लहरे, मनोज वर्मा, श्यामू मेरावी, गजानंद सिन्हा, कार्तिकराम लोधी, टोपसिंग पटेल, दिनेश पटेल, ललिता जंघेल, भगवती प्रजापति, कुंजन साहू, सोहद्रा साहू, रूही पटेल, सरस्वती साहू, रुखमणी साहू ने ग्रामीणों को तुलसी पूजा के लिए प्रेरित किया।

### श्रीवास समाज को बीजेपी ने दिया महत्व : नरेन्द्र

**खैरागढ़।** शहर पिव मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र श्रीवास ने जिला भाजपा अंतर्गत बाजार अतरिया मंडल में देवकुमार सेन को अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला सहित प्रदेश भाजपा संगठन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव किए सभी समाज व वर्गों को एक साथ लेकर चलती है। बाजार अतरिया में देवकुमार सेन के अलावा बेलतरा पश्चिम में रत्नाकर श्रीवास, बिलासपुर के बोदरी में लव श्रीवास



और मुंगेली जिले में श्रीवास समाज के अध्यक्ष राजीव श्रीवास को नवीन जिम्मेदारी दी गई है। चारों की नियुक्ति पर पूरे समाज की ओर से प्रसन्नता जाहिर करते हुए पिव मोर्चा नरेंद्र श्रीवास ने कहा कि भाजपा की रीति नीति और प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने और लाभ दिलाने मिले दायित्व पर समाज खरा उतरेगा।

### भाजपाइयों ने अटल को किया याद

**छुरिया।** भाजपा मंडल ने विश्राम गृह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाया। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, एमडी ठाकुर, चंद्रिका डड़सेना, मंडल अध्यक्ष कांताप्रसाद साहू, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, संगीत यादव, विमला सिन्हा, शेखर भारद्वाज, नैनसिंह पटेल, राधेश्याम



शर्मा, अशोक मरकाम, विक्रांत श्रीवास्तव, मायाराम साहू, कुंदन बडोले, दिलीप सिन्हा, मोनू गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार, भरत साहू, पतिराम साहू, मनोज साहू,सौरभ सोमानी, नकुल नेताम, मोहनु रजक, स्वप्निल पटेल, प्रकाश साहू, खिलेश कुमार आदि शामिल हुए।

### बेलगांव में गुरु घासीदास की जयंती 30 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम बेलगांव में आगामी 30 दिसम्बर को सतनामी समाज एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में गुरू घासी दास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इसी दिन मंड़ई का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता खम्भन ताम्रकार करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष खुमान देशलहरे, राजेश मेहता, अन्नु अग्रवाल, राकेश ठाकुर, भीखु हिरवानी, दिलीप ओगरे, आनंद पटेल सहित अन्य शामिल होंगे। दोपहर को शोभायात्रा निकाला जाएगा। तत्पश्चात मनमोहक पंथी नृत्य के साथ जैतखाम में ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए शशि रंगीला लोरमी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### मानस महोत्सव 27 से

**खुज्जी।** गुंडरदेही में नवज्योति मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानस महोत्सव का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक कुलबीर छाबड़ा और सुभाष यादव के आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता पोषण शुक्ला करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में लक्ष्मण साहू, रामेश्वर साहू, पुष्पा सिंह, गुमान सिंह साहू, लेखराम पिस्दा, देवारुराम मालेकर, सरपंच रमेश पिस्दा, सेवकराम साहू, पन्नालाल देवांगन, द्वारका पटेल, कमलसिंह ठाकुर, बिसावत खान उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने मंडलियों से मानस महोत्सव में शामिल होने का आव्हान किया है।

### दायित्व का होगा बेहतर निर्वहनः आनंद

**सड़क अतरिया।** नर्मदा भाजपा मंडल के प्रथम अध्यक्ष बने आनंद पटेल ने मां नर्मदा एवं डोंगेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेकर भाजपा के शीर्ष नेता एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ दायित्व सौंपा है उसे जिम्मेदारी से पूरा करेंगे। मंडल अंतर्गत आने वाले 41 गांव में भाजपा की पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल बना कर पार्टी का कामकाज किया जाएगा।

## नक्सलगढ़ के गांवों से पहुंचे मुख्यालय कबड्डी के दंगल में खिलाड़ी

# महिला में मोहला, पुरुष वर्ग से चौकी को पुलिस कबड्डी का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

20 दिसंबर से निरंतर चार दिनों से जारी पुलिस विभाग की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पूर्व विधायक संजीव शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, दिलीप वर्मा, भाजपा नेत्री नम्रता सिंह, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंगी, मानपुर जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय मोहला में चार दिनों तक कबड्डी प्रतियोगिता का दंगल चलते रहा। इस आयोजन में जिलेभर के वनवासी क्षेत्र से 168 महिला-पुरूष टीमों के भाग लेने के साथ-साथ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भी कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया।

मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के दूर-दराज से आए खिलाड़ियों के लिए रूकने और दोनों वक्त के भोजन सहित चाय-नाश्ता की उचित व्यवस्था की गई थी। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जिला मुख्यालय में हाईटेक होने के साथ-साथ पुलिस विभाग की तरफ से आयोजन को लेकर पूरी ताकत झोंक दी गई थी। जिले में तैनात एएसपी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, सायबर क्राइम की टीम तथा सभी थानेदारों को प्रतियोगिता में अलग-अलग दायित्व सौंपा गया था।



### बेहतर प्रदर्शन कर जीता खिताब

महिला वर्ग से प्रथम स्थान पर जिला कबड्डी संघ मोहला, द्वितीय स्थान पर ग्राम हथरा थाना खड़गांव, तृतीय स्थान ग्राम मरकेली परालझरी थाना मानपुर, चतुर्थ स्थान शासकीय एलसीएस महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी पुरुष वर्ग से प्रथम स्थान ग्राम केशरीटोला अंबागढ़ चौकी, द्वितीय स्थान ग्राम संबलपुर थाना खड़गांव, तृतीय स्थान ग्राम कनेरी थाना मोहला, चतुर्थ स्थान ग्राम खुर्सेखुर्द थाना मदनवाड़ा रहा।

### अद्भुत आयोजन

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की तरफ से जिला मुख्यालय मोहला में पहली बार अद्भुत आयोजन किया गया। इस बेहतर आयोजन के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ इस वनांचल क्षेत्र के युवा युक्तियों को खेल में जबरदस्त प्लेटफार्म पुलिस विभाग की तरफ से प्रदान किया गया है। जिसमें यहां के बलिष्ठ युवा युक्ति राज्य स्तर, नेशनल तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का उन्हें अवसर मिलेगा।

### जहां नक्सलियों की बंदूक बोलती थी, वहां से पहुंचे खिलाड़ी

थाना कोहका, थाना चिल्हाटी, थाना मानपुर, थाना मदनवाड़ा, थाना सीतागांव, थाना अंबागढ़ चौकी, थाना मोहला, थाना गोटाटोला, पुलिस चौकी पाटनखास, थाना खड़गांव, थाना औंधी के धूर नक्सल गांवों से होकर कबड्डी के युवा युक्ति खिलाड़ी जिला मुख्यालय मोहला पहुंचे, जिन्होंने कबड्डी प्रतियोगिता में जबर्दस्त जौहर का प्रदर्शन किया।

# अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के सभागार में प्रोजेक्टर के माध्यम से जशपुर में आयोजित कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी निकाय के साथ नगर के वार्ड 7 में 20 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन किया। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर निकायों में बनने वाले अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन मुख्यमंत्री श्री साय ने किया।

### विलंब से उठ कर चले गए लोग

जानकारी अनुसार दोपहर 2 बजे वर्चुअल उद्घाटन के लिए नगर पंचायत गंडई ने भाजपाइयों सहित अन्य को आमंत्रित किया था। नियत समय पर सभी निकाय के सभागार में पहुंच गए थे किन्तु एक घंटे से अधिक समय बाद भी लाइव प्रसारण नही होने से बहुसंख्यक लोग कार्यक्रम स्थल से चले गए। भूमिपूजन के दौरान निकाय अध्यक्ष चेतन देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, राकेश ताम्रकर, जीवनदास रात्रे, राकेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, मंगल जैन, दिनेश भट्ट, नीलम नामदेव, भूपेंद्र पटेल, शत्रुहन कुर्रे, यतीश कुंजाम, रवि भावनानी, उमा चौबे, प्रिया तिवारी, अंजली देवांगन, सीएमओ हेमंत वर्मा, किंसुक यादव, कमल किशोर नेताम, नवीन नामदेव आदि उपस्थित थे।

# घायल युवकों को कोमल ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ मोटर साइकिल की टक्कर में एक का पैर टूटा

गंड़ई- छुईखदान मुख्य मार्ग में दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। आये दिन दुर्घटना घट रही है। बुधवार को घिरघोली कुकुरमुड़ा के मध्य दो मोटर साइकिल का आमने सामने टक्कर होने से युवकों को गंभीर चोट आई है। घटना के बाद मानवता का परिचय देते हुए मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने घायल युवकों को अस्पताल भिजवाया।



प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम मुढ़ीपार के दो युवक अपने मोटर साइकिल सीजी 08 अवाई 2904 में नर्मदा से छुईखदान की ओर जा रहे थे। युवक घिरघोली समीप तालाब के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुऐ ठोकर मार दिया। वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटर साइकिल के साथ चालक करीब बीस फीट तक घसीटता गया। विपरीत दिशा की मोटर साइकिल घटना के बाद फरार हो गया। जबकि दो घायल युवक कहराते हुए सड़क किनारे पड़े थे। उसी समय पूर्व विधायक श्री जंघेल एक कार्यक्रम में शामिल होने नर्मदा जा रहे थे। घायल युवकों को देख कर पुलिस एवं स्वास्थ विभाग को सूचना दिया। एम्बुलेंस से घायल युवक को छुईखदान चिकित्सालय भिजवाया। जानकारी अनुसार घायल युवक किशोर पिता छबीलाल 19 वर्ष ग्राम मुढ़ीपार का रहने वाला है। जिसका दुर्घटना में एक पैर टूट गया है। चिकित्सालय में उपचार जारी है।

# नर्मदा से सामाजिक समरसता यात्रा प्रारंभ



**सड़क अतरिया।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा बुधवार को नर्मदा मंदिर परिसर से सामाजिक समरसता अभियान का शुभारंभ किया गया। यात्रा प्रारंभ होने से पहले नर्मदा मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात दल के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को यात्रा का उद्देश्य एवं समाज में पनप रही बुराईयों को बताया। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सामाजिक छुआछुत एवं जाति भेद को दर किनार कर हिन्दूओं में समरसता लाना है ताकि हिन्दुओं में एकता अखंडता बनी रहे। मां नर्मदा की आरती कर यात्रा प्रारंभ किया गया। यात्रा का खैरा, सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, घिरघोली आदि गांव में स्वागत किया गया। यात्रा में विश्व हिंदू संगठन के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, लाल मनाई सिंग, लव मिश्रा, प्रशांत दुबे, नवीन अग्रवाल, बाबा जी, चन्द्रेश जैन, आंजली वाडेकर, बुलबुल श्रीवास, चित्रा महिलांगे पूर्व विधायक कोमल जंघेल, राकेश ताम्रकार, गिरिराज किशोर, नेतराम जंघेल, आनंद पटेल, प्रकाश जंघेल, रोहित जंघेल, ज्योति जंघेल, गोरेलाल जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, राधा मोहन, रमेश जंघेल, महेश जैन, पवन पटेल, राधे मोहन वैष्णव, विशंभर पटेल, कमलेश मिश्रा, अमर श्रीवास, कोमल दुबे, मिथलेश जैन, हिन्दू युवा मंच के अध्यक्ष विनोद यदु, कौशल पांड़े, भूपेन्द्र कुमार, डोमेश पटेल, केवल पटेल, यशवंत पटेल, भानू कुमार, योगेश कुमार, संजय सहित अन्य शामिल हुए।

### स्थापना दिवस धमतरी में आयोजित

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गत दिनों साहू सदन भैंसमुड़ी धमतरी सुबह 11 से शाम 5 बजे तक हु आ।



समारोह में वीरेन्द्र नाग, रामकृष्ण मिश्रा, यशवंत देवान, गंगाप्रसाद साहू, डॉ. रामकृष्ण मिश्र, त्रिभुवनलाल साहू, दीनदयाल साहू शामिल थे। समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न जिलों एवं तहसील अध्यक्ष एवं सदस्यगण शामिल थे। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार मंत्री सीपी कोसरिया ने दी।

### साइंस कॉलेज में सेमीनार और प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में भारतीय संविधान के आत्मसात के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर को सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन और गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। जिससे संविधान के प्रति उनकी निष्ठा और जागरूकता को बढ़ावा मिला। डॉ. एसआर कन्नोजे ने भारतीय संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते इसकी अहमियत को समझाया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की मजबूत नींव है, जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा करता है और उनके कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। उन्होंने राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों की भूमिका पर भी चर्चा की, जो समाज के समग्र विकास और कल्याण के लिए सरकार को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। डॉ. फूलसो राजेश पटेल ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार, शिक्षा और अवसर प्रदान किए हैं। जिससे महिलाओं की सामाजिक स्थिति को सशक्त बनाने और लैंगिग भेदभाव को समाप्त करने में मदद मिली है। विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। सेमिनार में अतिथि व्याख्याता सोमेश्वरी वर्मा, थानेश्वरी देशमुख एवं 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अटल चौक को रंग रोगन कर भारत रत्न को किया याद

# जनपद और ग्राम पंचायतों में मना सुशासन दिवस, भारत रत्न वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 101 वें जन्म दिवस पर जिले के दोनों जनपद पंचायतों और 221 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस मनाया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में खैरागढ़ ब्लाक के 98 और छुईखदान ब्लाक के 78 गांवो में निर्मित अटल चौक को रंगरोगन कर आस पास सफ़ाई कर सजाने के बाद भारतरत्न के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

उनके द्वारा रचित कविताओं का वाचन कर राष्ट्र निर्माण के साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर लोगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश पाती का वितरण कर उपस्थित लोगों को सुशासन की राह में चलने का संकल्प दिलाया गया।

इसके अलावा जिन पंचायतों में अटल चौक नहीं है, वहा ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृत सरोवरों में एक पेड़ मां के



नाम से वृक्षारोपण किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय खैरागढ़ में जिपं पंचायत सभापति घम्मन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने घिरघोली में अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। वही जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के बताए रासतो पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला महामंत्री रामाधार रजक, मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश वर्मा, पांडादाह मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, जनपद सदस्य शैलेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, रतनू रजक सहित अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा शहर सहित ग्रामीण इलाकों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व स्व सहायता समूह के सदस्यों ने मिलकर सुशासन दिवस मनाया।

### विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प

बाजार अतरिया मंडल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिला पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, बाजार अतरिया बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन, युवा मोर्चा महामंत्री प्रेमसागर गुप्ता, विजयलाल गुप्ता, राजू वर्मा, पूर्णचंद्र गुप्ता, नीतेश उपाध्याय, राजकुमार वर्मा, द्वुवेश वर्मा, सुजान निषाद, गणेश वर्मा, गिरधारी वर्मा, रूपचंद वर्मा, आकाश वर्मा, ईश्वरी यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान और आदर्शों को याद कर उनकी प्रेरणादायी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा ने कहा कि प्रदेश निर्माता के रूप मे भारतरत्न के योगदान को कभी विस्मृत नही किया जा सकता। इस तरह के आयोजनों से पार्टी की एकजुटता को बल मिलता है, बल्कि जनता के बीच आदर्श नेताओं के प्रति आदरभाव भी बढ़ता है।

### युक्ता फरवरी में लेगी दीक्षा, शहर के लोगों ने किया अभिनंदन



**डोंगरगढ़।** नगर के चौरड़िया परिवार की बेटी युक्ता चौरड़िया ने गृहस्थ त्याग कर धर्म की राह पर चलने का निर्णय लिया है। आचार्य श्री 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के नेशार्य में आगामी 7 फरवरी को राजस्थान के नोखा मंडी में दीक्षा ग्रहण करने के पूर्व आज अभिनंदन एवं अनुमोदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय महावीर मंदिर से सुश्री युक्ता चौरड़िया परपोती स्व. छोटीबाई-दीपचंद चौरड़िया, सौपोत्री राधाबाई स्व. गुलाबचंद चौरड़िया, सुपुत्री अनिता राजेश चौरड़िया का 24 दिसम्बर को अभिनंदन शोभायात्रा निकाली गई, जो महावीर मंदिर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए निवास पहुंची। धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों आदि ने अभिनंदन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार हुआ। अभिवादन समारोह में युक्ता चौरड़िया ने अपने 12 साल के जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने धर्म से जुड़कर समाज के बच्चों को धार्मिक पाठशाला भेजने, धार्मिक ग्रंथ का अध्ययन करने प्रेरित करने कहा।

## निधन



### डेमिन साहू

**डोंगरगढ़।** नवोदय विद्यालय के पूर्व शिक्षक हीरालाल साहू की पत्नी डेमिन साहू का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में 25 दिसंबर को किया गया। उनके निधन पर सामाजिक जनों ने शोक व्यक्त किया है।

# मगरलोटा में चारागाह की जमीन में अवैध उत्खनन



**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने टेड़ेसरा-मनगटा के बीच ग्राम मगरलोटा में हो रहे मुरूम उत्खनन का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी शिकायत में बताया कि चारागाह और अन्य प्रायोजनों के लिए आरक्षित शासकीय भूखंड को खोदा जा रहा है। कांग्रेस नेता मुदलियार ने तत्काल इस उत्खनन पर रोक लगाने और कार्रवाई ही मांग की है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन जांच करे कि आखिर ग्रामीणों के विरोध के बीच किस तरह खुदाई का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। वो भी उस स्थिति में जब इसे चारागाह के लिए आरक्षित रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी-बड़ी मशीनों से उत्खनन के नियम तार-तार हो रहे हैं। उत्खनन के लिए निर्धारित गहराई से ज्यादा खुदाई कर अंधाधुन मुरूम निकाली जा रही है।

किन्हीं खनिज परिवहनकर्ताओं ने पोकलेन मशीन लगाकर इस भूखंड को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। बीते कई दिनों से यहां खुदाई की जा रही है। मगरलोटा में प.ह.नं. 61 में खसरा नंबर 213/2 व 214/2 की 4 एकड़ की शासकीय जमीन में यह खुदाई की गई है। बीते 2 दिसंबर को ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत एसडीएम से भी की, लेकिन इस पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### बिना अनुमति खुदाई

मुदलियार ने कहा कि मुरूम उत्खनन से शासकीय भूमि अनुपयोगी हो गई है। यहां न ही भवन का निर्माण किया जा सकता है और न ही ये चारागाह के लिए उपयोगी रह गई है। ये बेहद गंभीर विषय है। इसमें स्पष्ट रूप से शासकीय तंत्र की खामियां सामने आ रही है। बगैर स्थल निरीक्षण और भूखंड की उपयोगिता को नज़र अंदाज करते परिवहनकर्ताओं को उत्खनन करने दिया जा रहा है, जो कि पूरी तरह गलत है। इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### मुरूम तस्कर से जुड़ा है तार

ग्रामीणों के साथ मौके का निरीक्षण करने के बाद मुदलियार ने कहा कि मगरलोटा में जारी खुदाई सीधे मुरूम तस्करी से जुड़ा मामला है, जिसे संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण इस उत्खनन से आक्रोशित हैं और इसकी लगातार शिकायतें भी बेअसर है। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन यहां आकर मौके पर पंचायत के सामने फैसला करे और मैं उनकी इस मांग का समर्थन करता हूं अन्यथा राजस्व व खनिज विभाग इस मामले में सीधी कार्रवाई करे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक तंत्र इस तरह खनिज संपदा के दोहन में साझेदार बना हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में संज्ञान लेने की मांग रखी।

## 50 लाख की लागत से भव्य अटल परिसर होगा विकसित

# वाजपेयी के विचार से मिल रही दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती तथा सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले में अटल परिसर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा वर्चुअल माध्यम से राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने राजनांदगांव शहर के वर्धमान नगर में अटल परिसर का भूमिपूजन कर कार्यक्रम में शामिल हुए।

सांसद पांडेय ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का भूमिपूजन किया जा रहा है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनका दुनिया लोहा मानती रही। उनका व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि न केवल पक्ष, बल्कि विपक्ष के भी जनप्रतिनिधि उनके प्रति सम्मान रखते थे। स्टेट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यक्रम का संचालन करने तथा सुनने का अवसर मिला। सांसद ने कहा कि अटल बिहारी देश के महान राजनेता, एक अच्छे लेखक, कवि और साहित्यकार थे। उनकी राष्ट्रीय कविताओं का उल्लेख साहित्य में मिलता है।

छत्तीसगढ़ स्काउट गाईड के उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का नाम विश्व के लोकप्रिय नेताओं के शीर्ष में लिया जाता है। देश के विकास में उनका योगदान मील का पत्थर है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि परिसर में उनकी प्रतिमा लगाई जाएगी तथा इस परिसर को अच्छी तरह से विकसित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं छोटे नगरीय निकायों के लिए 20-25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस परिसर को भव्य रूप में विकसित करें, ताकि देश के महान राजनेता एवं उनके उत्कृष्ट विचारों को नागरिक आत्मसात कर सकें।

### राष्ट्र को शिखर तक ले जाएंगे

सांसद पांडेय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र की सेवा अंतिम सांस तक करने का संदेश दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए कहा कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे, कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टीविटी के लिए कार्य किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ तो विश्व में भारत का प्रभाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अस्त्र-शस्त्र आवश्यक है। देश में उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने धरती, आकाश, पाताल में विभिन्न तरह के वैज्ञानिक परीक्षण पनडुब्बी, विभिन्न मिसाईल, पोत, लड़ाकू विमान से भारतीय सेना को मजबूत किया तथा विश्व शक्ति बनने की ओर हमारा देश अग्रसर है। वर्ष 2047 तक राष्ट्र को शिखर तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन में नगरीय क्षेत्रों में कार्यों में तेजी आई है और सभी कार्य समय पर हो रहे हैं।

## कबीर सत्संग समारोह राजा भानपुरी में 27 से

**राजनांदगांव।** कबीर आश्रम राजा भानपुरी में प्रतिवर्षानुसार इस भी वर्ष 58 वर्ष कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य प्रवक्ता साध्वी ज्योती बाहेब कबीर आश्रम सुठालिया मध्यप्रदेश राजगढ़ से एवं साथ में साध्वी गीत साहेब बीमला बाहेब एवं कबीर आश्रम पिपरिया खैरागढ़ से संतश्री भूषण साहेब पधार रहे हैa। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कबीर के विचारों को जनमानस तक पहुंचाना एवं जन कल्याण आत्म कल्याण मानवता की सेवा प्रेम एकता समता सद्भाव सहिष्णुता को वास्तविक सच्चा धर्म निरूपित किया है। अब धर्म के नाम पर बाहरी कर्म काण्ड का बाहुल्य है। धर्म के नाम पर अंधविश्वास पाखण्ड मिथ्या महिमा चमत्कार आदि बात पर झूठी बात को प्रचारित करना कबीर साहेब के आदेश को आत्मसात कैसे करें। इन सभी मार्ग संदेश देंगे उक्त कार्यक्रम को समस्त साहू समाज समस्त ग्रामवासी के सहयोग से होने जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम साहड़ा परिवार की सानिध्य में खेमचंद साहू एवं उक्त जानकारी रेवाराम साहू द्वारा दी गई।



# सनातन हिन्दू लीग में 8 टीमों के बीच होगा मुकाबला

**राजनांदगांव।** सभी समाजों और युवाओ को एकजुट कर एक मंच पर एकत्रित करने की पहल के रूप में शहर के मध्य कृषि रत्न श्री लालचंदजी कोटड़िया मैदान में सनातन हिन्दू लीग का आयोजन किया जा रहा है। अभय जैन ने सनातन हिन्दू लीग की नींव रखी है। जिसका मुख्य उद्देश्य खेल के साथ-साथ समाज, संस्कृति, देशहित, लोक कल्याण एवं सनातन के हितों के लिए तत्पर रहना है। इस प्रतियोगिता को जीतने वाली टीम को विक्रमादित्य ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतिदिन मैच का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं भारत मां के जयघोष के साथ किया जा रहा है।

प्रथम वर्ष विक्रमादित्य ट्रॉफी के लिए आठ टीमें खालसा एलेवेन, ब्राह्मण योद्धा, राजपूत थंडर्स, मारवाड़ी वीर, साहू सुपर, सोनकर चैम्पियंस, मराठा एलेवेन और यादव ब्रदर्स की टीमें के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। सभी समाजों ने अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को चुनकर अपनी टीमों को सजाया है। संस्कारधानी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक मंच पर खेलते देखने का यह शानदार अनुभव हो रहा है। गौरतलब है कि सनातन हिन्दू लीग में अब तक 28 लीग मैच खेले जा चुके हैं, जो रोमांच से भरपूर रहे हैं। जिसमें दो मैचों का निर्णय तो सुपर ओवर से हुआ है। अब तक यह शहर की सबसे लंबी चलने वाली प्रतियोगिता में से एक रही है। अभय जैन के नेतृत्व में यह संपूर्ण आयोजन सद्भावना और शांतिपूर्ण रूप से चल रहा है। अभय के अनुसार सनातन हिन्दू लीग से अब तक विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म से 30,000 से ज्यादा विवर्स जुड़ चुके हैं, जो इस लीग को और अधिक दिलचस्प बना रहा है। लीग मैच के अंतिम दिन तक टॉप चार के लिए टेबल में उठापटक चलती रही है। अंततः मराठा, यादव, ब्राह्मण और राजपूत टीम ने सेमीफाइनल के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। वीर बल दिवस पर विशेष पहला सेमीफाइनल मुकाबला 26 दिसंबर को सुबह 7 बजे मराठा और यादव टीम के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा सेमीफाइनल राष्ट्रगान के पश्चात 8:30 बजे से ब्राह्मण और राजपूत टीम के बीच होगा। 12 दिसंबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता का फाइनल 27 दिसंबर को सुबह 8.30 बजे से खेला जाएगा। इस आयोजन में अब तक कुलबीर छाबड़ा, डॉ. गंभीर कोटड़िया, कोमल सिंह राजपूत, अजीत जैन, गुरबेज सिंह, अजय कोटडिया, गीतेश गुप्ता, हाकिम खान, अखराज जैन आदि राजनांदगाव के तमाम दिग्गज, खिलाडियों को बधाई देने पहुंच चुके हैं। अभय ने बताया कि उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म विक्रमादित्य की शूटिंग अक्टूबर में पूरी कर ली है। जिसकी 2025 में दिवाली के आसपास रिलीज़ होने की संभावना है। आयोजन समिति के अभय जैन, प्रफुल कावड़, मनीष यादव, हिमांशु चावड़ा, सोमिल कोटडिया ने नगर के खेलप्रेमियों को प्रतियोगिता का आनंद लेने आमंत्रित किया है।

# अभाविप का अधिवेशन 3 से



**राजनांदगांव।** शहर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 97 प्रदेश अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसके आयोजन को लेकर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त मिश्रा ने बताया कि अभाविप का 57वां प्रदेश अधिवेशन राजनांदगांव में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अधिवेशन में लगभग 800 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। यह अधिवेशन गुरुनानक स्कूल में आयोजित होगा। जिसमें अभाविप ने स्थान का नामांकरण करते जैन मुनि विद्यासागर के नाम पर रखा है।

### पांच परिवर्तन थीम पर अधिवेशन

साल के शुरूआत में होने वाले इस अधिवेशन को पंच परिवर्तन के थीम पर रखा गया है। जिसमें सामाजिक परिवर्तन हेतु 5 बिंदुओं पर विशेष ध्यान आकर्षण किया गया है।

### ऐतिहासिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी

2 जनवरी को अधिवेशन स्थल में ही त्रिवेणी के नाम से बनाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी अभाविप के गौरवशाली इतिहास, राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ से संबंधित चीजों को प्रदर्शित करेगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# डाक संभाग को लेकर अधिवेशन में सांसद का जताया आभार



**राजनांदगांव।** डाकघर कर्मचारी क्रेडिट तथा थ्रिप्ट सह. सोसायटी द्वारा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन शहर के गांधी सभागृह में किया गया। इस दौरान राजनांदगांव को डाक संभाग का दर्जा दिलाने के लिए सांसद संतोष पांडे के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अधिवेशन में सांसद संतोष पांडे ने शामिल होकर डाक कर्मचारियों को संबोधित किया। राजनांदगांव के डाक संभाग बन जाने से स्थानीय लोगों के अलावा कर्मचारियों को भी इससे सहूलियत हो रही है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के लोगों को अब दुर्ग तक का सफर नहीं करना पड़ रहा है। डाक संभाग का दर्जा मिलने को लेकर सांसद संतोष पांडे के सम्मान में आयोजित डाकघर कर्मचारी क्रेडिट तथा थ्रिप्ट सोसायटी के अधिवेशन में बड़ी संख्या में डाक विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

### दूरस्थ वनांचल तक मिलेगी सुविधा

वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित प्रवर डाक अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि राजनांदगांव को डाक संभाग का दर्जा सांसद संतोष पांडे के प्रयासों से मिला है। उन्होंने कहा कि इस डाक संभाग में चार जिले हैं। जिसमें से अधिकांश वनांचल क्षेत्र हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शासन द्वारा मनरेगा और अन्य योजनाओं के तहत हितग्राहियों को दी जाने वाली डीबीटी की राशि सीधे डाक विभाग के माध्यम से वे घर पर ही प्राप्त कर सकेंगे, चाहे उनका खाता किसी भी बैंक में हो।

### नए भवन में कार्यालय होगा शिफ्ट

डाक कर्मचारियों के अधिवेशन में शामिल होते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि राजनांदगांव डाकघर पहले उप संभाग था, जो अब डाक संभाग बन गया है और जल्द ही अपने नए कार्यालय में शिफ्ट होगा। उन्होंने कहा कि डाक संभाग बनाने को लेकर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की गई थी, जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति दी थी। वहीं लोकसभा में भी उनके द्वारा संभाग की बात उठाई गई थी। सांसद ने कहा कि सबके सहयोग से यहां डाक संभाग की सौगात मिली है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

### बीस नए डाकघर की स्वीकृति

राजनांदगांव में डाक संभाग मुख्यालय बनने के बाद वनांचल क्षेत्र में डाकघर के विस्तार का कार्य तेजी से किया जाएगा। डाक संभाग बनते ही सरकार ने संभाग क्षेत्र के मोहला-मानपुर जिले में 20 नए डाकघर की स्वीकृति दे दी है।

# भाजपा अपनी खीज संविधान निर्माता पर निकाल रही : कांग्रेस



**राजनांदगांव।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ केंद्रीय गृहमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाते कांग्रेस द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस की गई। प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री से अपनी टिप्पणी पर माफी मांगने और इस्तीफे की मांग की है।

राजनांदगांव प्रेस क्लब में प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन करते शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा है कि शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी और संसद में भाजपा सांसदों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और अन्य विपक्षी सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता रूढ़ भारतीय जनता पार्टी संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान कर रही है, जो संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब अम्बेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी कर भाजपा और संघ की मनुवादी मानसिकता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था। भाजपा अपनी खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहब का अपमान कर रही है।

### कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का-मुक्की

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि लोकसभा परिसर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया। भाजपा के षड्यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा एफआईआर दर्ज कर दिया गया। भाजपा अम्बेडकर और संविधान विरोधी है, जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक कांग्रेस प्रदर्शन जारी रखेगी।









सुशासन दिवस का उद्देश्य कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि इसे व्यवहारिक जीवन में लागू करना है।

# स. लोहारा में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, लालाराम साहू, रणवीरपुर नरेश साहू, जनपद पंचायत सभापति, सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिव कुमार साहू एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके विचारों को याद करते हुए की गई। इस अवसर पर सुशासन शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प को दोहराया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने संबोधन में कहा की भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन, नेतृत्व और उनकी नीतियां हमें सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा का महत्व सिखाती हैं। हमें उनकी विचारधारा को अपनाते हुए समाज और प्रशासन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। लालाराम साहू ने कहा की सुशासन दिवस का उद्देश्य सिर्फ कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि इसे व्यवहारिक जीवन में लागू करना है। हमें अटल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए गांव-गांव, गली-गली में सुशासन को साकार करना है। रणवीरपुर के नरेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा की अटल बिहारी ने देश के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए जो मार्ग दिखाया, उसे हमें आगे बढ़ाना है। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

**उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने सुशासन की ली शपथ**



इसके पूर्व स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के बाद अटल चौक सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अटल बिहारी की कविताएं और विचार अटल बिहारी की विचारों को साझा किया गया, जिससे कार्यक्रम में मौजूद लोगों को प्रेरणा मिली। महिला समूहों, युवाओं और ग्रामीणजनों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जनपद सीईओ शिव कुमार साहू ने सुशासन की भावना को बनाए रखने और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद क्षेत्र के सभी 96 ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस बड़े हर्षोउल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया, जिसमे ग्रामीण, किसान, महिलाओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन अटल बिहारी अमर रहें के उद्घोष और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# 37वीं सीनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के पांच खिलाड़ियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अमुचर बेसबॉल ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 37वीं सीनियर राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के संगरूर जिले में दिनांक 26 से 30 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के दोनों वर्गों की टीम भी सम्मिलित हो रही है इस प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से पिंटू सिन्हा,मुकेश ठाकुर, रवींद्र साहू, कलेश्वर निर्मलकर, गगनदीप साहू कुल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है साथ में पुरुष टीम के कोच के रूप में अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी मैनेजर भूपेंद्र गढ़े एवं महिला टीम के कोच के रूप मो. तस्लीम आरिफ को नियुक्त किया गया है जो 23 दिसम्बर को रवाना हो चुके है, अकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटीया ने बताया कि हमारे अकेडमी के खिलाड़ियों का अभावों के बीच प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर रहे है जो हमारे जिले के लिए गौरव की बात है इसी के साथ इस वर्ष भी सीनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता हेतु हमारे अकेडमी से पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है इन खिलाड़ियों का चयन कवर्धा में आयोजित हुए दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग 200 खिलाड़ी आए हुए थे जिसमें कबीरधाम की टीम ने सिल्वर पदक लगाया था जिसके आधार पर इनका चयन छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष के द्वारा किया गया जिनका प्रशिक्षण कैंप कवर्धा में ही 10 से 15 दिसम्बर तक लगाया गया था जिसमें से पुरुष वर्ग में कुल 22 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 18 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया जो अब पंजाब में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और छत्तीसगढ़ की टीम को पदक लगाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के पांच खिलाड़ियों का चयन होने के उपलक्ष्य पर कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, जिला वनमण्डल अधिकारी शशी कुमार, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल कवर्धा, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव सुश्री मिताली घोष, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, जिला खेल अधिकारी दिनेश साहू, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर, एवं समस्त खिलाड़ियों ने बहुत-बहुत बधाई दिए एवं उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना किए।

# वीर साहिबजादों की गाथा सिखाती हैं धर्म राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पण : वीरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित पंथ आचार्य गृन्धमुनिनाम साहेब शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में सिख समाज के वक्ता गुरदीप अरोरा,जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसबिंदर बग्गा, जनभागीदारी सदस्य अजय ठाकुर, शिवचरण ठाकुर, प्राचार्य ऋचा शर्मा, प्रोफेसर दीपक देवगन सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि आज हम सभी यहां वीर बाल दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन उन महान बाल वीरों को समर्पित है जिन्होंने अपने अदम्य साहस, बलिदान और दृढ़ संकल्प से हमें सिखाया कि सच्ची वीरता और धर्म की रक्षा के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं होता। साहू ने वीर बाल दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि वीर बाल दिवस, विशेष रूप से गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को स्मरण करने का दिन है। उन्होने बताया कि आज वीर बाल दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। उन्होने बताया कि वीर साहिबजादा जोरावर सिंह, फतेह सिंह, गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादे, का जन्म क्रमशः 28 नवंबर 1696 और 25 फरवरी 1699 को आनंदपुर साहिब, पंजाब में हुआ था। दोनों साहिबजादे अपनी छोटी उम्र में ही अद्वितीय साहस, निष्ठा और धर्म के प्रति समर्पण के प्रतीक बन गए। वे सिख धर्म और संस्कृति के लिए अपने महान बलिदान के कारण इतिहास में अमर हैं। उनके बलिदान को याद करते हुए हर सिख परिवार और पूरे देश के लोग उन्हें आदरपूर्वक स्मरण करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे छोटे-से-छोटे बच्चे भी साहस और समर्पण के बल पर महान इतिहास रच सकते हैं। उन्होने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर दिखाया। सबसे छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को मुगलों ने जीवित दीवार में चुनवा दिया, लेकिन उन्होंने कभी अपने धर्म और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। डॉ साहू ने कहा कि ऐसे वीरता के किस्से सुनकर हमारा हृदय गर्व से भर जाता है। उनके बलिदान का संदेश यही है कि हमें सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों।

साहिबजादों की गाथा हमें सिखाती हैं कि धर्म,न्याय और मानवता के लिए सर्वस्व न्यौछावर करना सच्चा जीवन है। उन्होने कहा कि आज, हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भी उनके दिखाए गए मार्ग पर चलें। हम अपने समाज में नैतिकता, सत्य और साहस का प्रसार करें। हमारी पढ़ाई, हमारे काम, और हमारे विचार इन आदर्शों को दर्शाने चाहिए।

# प्रधान पाठक पद्दोन्नति बहुत जल्द जारी करने का जेडी ने दिया भरोसा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उच्च वर्ग शिक्षक से माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पद्दोन्नति में विलंब को लेकर विनोद गुप्ता, ओम प्रकाश पांडेय, कमल वैष्णव ने संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर एवं सह्ययक संचालक केके शुक्ला से मुलाकात कर पद्दोन्नति में हो रहे विलंब को लेकर चर्चा किया। जिस पर संयुक्त संचालक दुर्ग द्वारा बताया गया कि डीपीसी हो चुकी है, सूची मुझ तक आ गई है, परीक्षण उपरांत तत्काल जारी कर दिया जाएगा। ई एवं टी संवर्ग में कुल कितने पद्दोन्नति होगी पूछने पर बताया गया कि 623 पद ई संवर्ग और 95 पद टी संवर्ग के लिए है संख्या में बदलाव हो सकता है। पूर्व के चर्चा में जेडी से मांग किया गया था कि पद्दोन्नति के पूर्व तक सभी रिक्त पदो में पद्दोन्नति की जाए उसी के अनुरूप दिसम्बर तक का रिक्त पद लिया जा रहा है। पद्दोन्नति सूची जारी करने के उपरांत 3 तारीख तक काउंसलिंग करने का आग्रह किया गया है। सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक संस्कृत विषय पर चर्चा किया गया, जो कोर्ट के अधीन था, इस संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि न्यायालय से जो निर्देश प्राप्त हुआ है, उसी के अनुरूप परीक्षण करके जारी किया जाएगा, इस मामले में समस्त दस्तावेज जेडी कार्यालय में है, अतिरिक्त जानकारी मंगाने की आवश्यकता नही है। उच्च परीक्षा के लिए आज पर्यंत के विषय का अनापत्ति जारी नही करने पर बताया कि जिस विषय को यूजीसी से मान्यता नही मिला है, उनका रुका है शेष जारी किया जा रहा है। जिस पर संघ के सदस्यों द्वारा मांग किया कि अभी तक प्राप्त आवेदन अन्नाप्ति जारी कर दिया जाए और आगामी समय के लिए निर्देश जारी कर किया जाए। चर्चा के दौरान डोंगरगढ़ से श्रवण यदु, रवि शंकर मरकाम, महेंद्र कंवर, जितेंद्रपाल, संतोष धुर्वे, किसुन चन्द्रवंशी, बेमेतरा जिला से एमएल साहू, चंद्र शेखर जंघेल, योगेश्वर साहू, बलियार सिंह उइके उपस्थित थे।

# डा. रश्मि बनी निःसंतान विशेषज्ञ की डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



गोराज चिल्ड्रन हॉस्पिटल के डॉक्टर गोवर्धन सिंह ठाकुर की सुपुत्री डॉ. रश्मि सिंह ठाकुर स्त्रीरोग विशेषज्ञ के साथ-साथ वह बांझपन में विशेषज्ञ हो गई है, वह पूर्व में बालाजी मेडिकल चेन्नई में भी अपनी सेवा दे चुकी है उसके बाद वह पूर्व में प्रोफेसर के रूप में शंकाराचार्य मेडिकल भिलाई में सेवा देने के बाद वह अब कवर्धा में नई डॉक्टर के रूप में गोराज चिल्ड्रन हॉस्पिटल में नई डायरेक्टर के साथ अब प्रतिदिन उपलब्ध रहेगी, यह गौरव की बात है कि कवर्धा जैसे छोटे से शहरों में निःसंतान (आईवीएफ) दंपति का इलाज अब यही होगा।

## सीनियर सिटीजन समिति ने भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म दिन मनाया



हरिभूमि कवर्धा। सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा सियान सदन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती आदरपूर्वक मनाया गया। वही आदित्य श्रीवास्तव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी कविता व दीया जलाएं। हम जंग न होने देंगे, विश्व शांति के हम साधक हैं और एक नया भारत बनाने का इरादा मन में है, का पाठ किया। तथा भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के द्वारा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की स्थापना से जुड़ी घटनाओं को बताया। आज दोनो महान व्यक्तित्व का जन्मदिन है। चंद्रहास ठाकुर ने वाजपेयी की साहस और दृढ़ इच्छा शक्ति को रेखांकित किया। डॉ. एन के यदु ने नवाज शरीफ से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया, एसएस जैन ने कारगिल विजय की घटनाओं का वर्णन किया। पंकज ठाकुर ने भी अपनी बात रखी। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वही कार्यक्रम में समिति के मदन तंबोली, प्रकाश गुप्ता, बलदाऊ सोनी, गौतम, प्रभाकर शुक्ला, विजय ठाकुर, रामशरण चंद्रवंशी, ईश्वरी सिंह ठाकुर, डाएनके यद्ु, आरके पांडेय, चंद्रहास सिंह ठाकुर, एसएस जैन, नवीन, पंकज सिंह ठाकुर, नरेंद्र चंद्रा, राजू श्रीवास्तव, कीर्तिदत्त तिवारी सहित निम्न सदस्य उपस्थित थे।

## ग्रामीण को घरों घर पेयजल का लाभ नही मिल पा रहा



हरिभूमि बरबसपुर। विधानसभा कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जो अधर में लटक रहे हैं और वही घरों घर ग्रामीणों के नल कनेक्शन का निर्माण हो चुके हैं जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जिनके कारण से पानी टंकी अधर में लटक रहे हैं और ग्रामीणों के घर तक नहीं पहुंच रहा है ग्रामीण कान्हा चंद्रवंशी आशीष चंद्रवंशी और राजा चंद्रवंशी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा 1 वर्ष से पानी टंकी का कार्य अधूरा कर छोड़ दी गई है जिनके कारण से घरों घर नल कनेक्शन में पानी नहीं पहुंच रहा है उन्होंने बताया कि पानी टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है और बोर खनन भी नहीं हुआ है एक वर्ष हो गए हैं यह सरकार की कैसे योजना है अभी तक घर-घर पानी नहीं पहुंच रहे हैं अधूरा कार्य कर छोड़ दी गई है एक वर्ष होने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है एक कहावत है कि जल ही जीवन है और जीवन ही जल है यह कहावत तक ही सीमित है लेकिन आम नागरिकों को बुनियादी सुविधा नहीं मिल रहा है यदि ठेकेदार द्वारा तत्काल बोर खनन और पानी टंकी का तत्काल अधूरा कार्य को पूर्ण करने की मांग कर रहे हैं ताकि घरो घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके इस ओर शासन-प्रशासन तथा क्षेत्र के विधायक को ध्यान देने की जरूरत है ताकि ग्राम जेवड़न पंचायत में सभी ग्रामीणों के घरों पर सरकार की योजना का लाभ मिल सके।

## नशे और असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई

हरिभूमि कवर्धा। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने कवर्धा शहर में देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नशे में धुत युवाओं, सुनसान इलाकों में अनावश्यक रूप से घूमने वालों और देर रात तक खुली रहने वाली दुकानों पर नियंत्रण करना था। अभियान के दौरान पुलिस ने भारत माता चौक, सिग्नल चौक, बस स्टैंड, पुरानी मंडी, गुरुनानक चौक, ठाकुरदेव चौक, सरदार पटेल चौक, पीजी कॉलेज मैदान और लालपुर रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर गश्त की। इन इलाकों में नशे में धुत और बेवजह घूमते युवाओं को रोका गया। पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर सख्त हिदायत दी और युवाओं को घर भेजा। असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए शराब और नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। युवाओं को समाज और स्वयं के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए चेतावनी दी गई कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल उनके भविष्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। देर रात तक खुली रहने वाली दुकानों और पान ठेलों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने दुकानदारों को नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दे सकती हैं। गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई असामाजिक तत्वों को मौके पर ही पकड़ा। इस अभियान में प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह, डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और उनकी टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि यह अभियान समाज में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहर में असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। क्षेत्रवासियों ने पुलिस की इस सक्रियता और प्रतिबद्धता की सराहना की है। कबीरधाम पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों को एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान किया जाए।

## नगर पंचायत पांडातराई में अटल बिहारी का मनाया जन्मदिन



पांडातराई हरिभूमि। नगर पंचायत पांडातराई में अटल बिहारी के 100 वें जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक अग्रणी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यशैली की पहचान संगठन एवं प्रत्येक कार्यकर्ता के दिल में बसाने का काम किया। वही अजय गिरी ने कहा कि वह एक राजनेता ही नहीं। बल्कि प्रखर वक्ता और कवि भी थे। इनकी कविताएं जन-जन को प्रेरित करती हैं कार्यक्रम में दिनेश गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष, अजय गिरी गोस्वामी, रामू पांडे, सहदेव गुरु जुगल बघेल, राशिद बघेल, राजकुमार पाली, छेदी तंबोली, सुशील साहू, मनोज बंजारे, वली खान, भाजपा कार्यकर्ता समस्त पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भगवती प्रसाद ध्रुव और साथ ही निकाय के समस्त कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित हो के कार्यक्रम को सफल बनाया।




भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

# भाजपा मण्डल ने अटल बिहारी की जयंती मनायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



25 दिसंबर 2024 को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी का 100 वें जयंती पर भाजपा कुण्डा मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर के गरिमामय उपस्थिति में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं पूजन व श्रीफल फोड़कर भारतमाता की जय अटल बिहारी अमर रहे घोष के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया कार्यक्रम के उद्बोधन में पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा नेता गण ने स्व अटल बिहारी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा स्व अटल बिहारी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को अविभाजित मध्यप्रदेश के ग्वालियर में रहने वाले एक शिक्षक परिवार में हुआ था उनके पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी हिन्दी व ब्रज भाषा के सिद्धहस्त कवि थे अतः काव्य लिखने की कला उन्हें विरासत में मिला उन्होंने अपन करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था और राष्ट्रधर्म पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन का संपादन किया। वही मुकेश ठाकुर ने आगे कहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी में कई खूबियां थी वे अपनी पार्टी का नेता हो या विरोधी पार्टी का सबको साथ लेकर चलने की खूबी उन्हें दूसरे नेताओं से अलग करती थी यही कारण था कि उन्हें अजातशत्रु कहा जाता था। मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद ने अपने उद्बोधन में कहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राजनीति में तब आए जब उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन भाग लिया वह राजनीति विज्ञान और विधि के छात्र थे और कॉलेज दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बड़ी 1951 भारतीय जनसंघ में शामिल होने के बाद उन्होंने पत्रकारिता छोड़ दी आज की भारतीय जनता पार्टी को पहले जनसंघ के नाम से जाना जाता था आदरणीय बाजपेई राजनीति में चार दशकों से सक्रिय रहे वे लोकसभा में नौ बार और राज्यसभा में दो बार चुने गए जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान है वाजपेयी जी 1980 में गठित भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उन्हें भारत के प्रति निस्वार्थ समर्पण और समाज सेवा के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण दिया गया 1994 में उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ सांसद चुना गया इनके अलावा भी उन्हें कई पुरस्कार सम्मान और उपाधियों से नवाजा गया 2015 में सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भाजपा में एक उदार चेहरे के रूप में उनकी पहचान थी सुशासन दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर, शशांक शर्मा, रमन खनूजा, राजू श्रीवास, जेठू निर्मलकर, परसोत्तम निर्मलकर, सूरज यादव, मोनू विश्वकर्मा, कुलदीप साहू, पंचू निषाद, नागेश्वर कश्यप सहित कुण्डा मण्डल भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## समस्या: समिति प्रबंधक और किसान हो रहे हलाकान व परेशान

# प्रशासन की सख्ती बेअसर, कई केन्द्रों में धान उठाव नहीं, जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

समिति प्रबंधकों की लगातार शिकवा शिकायतों, किसानो की बढ़ती समस्याओं और जिला प्रशासन के मुखिया की तमाम सख्तियों के बाद भी जिले के धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव होते नहीं दिखाई दे रहा है। जिसके चलते एक बार फिर कुछ केन्द्रों में धान खरीदी प्रभावित होने के साथ ही बंद होने के कगार पर पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि चालू सत्र की धान खरीदी के दौरान जिले में धान उठाव एक गंभीर और बड़ी समस्या बनी हुई है। जिसके कारण समिति प्रबंधकों और किसानो के सामने कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही है। यहीं वजह है कि गत 14 नवम्बर से प्रारंभ की गई समर्थन मूल्य में धान खरीदी से लेकर अब तक कई बार धान खरीदी बाधित हो चुकी है। जिसे लेकर शासन-प्रशासन द्वारा तमाम प्रयास भी किए जा रहे हैं लेकिन इन तथा कथित प्रयासों का धरातल पर कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में धान का उठाव नहीं होने से एक दो दिन बाद न चाहते हुए भी समिति प्रबंधक को धान खरीदी पर ब्रेक लगाना पड़ सकता है। जिससे बचे हुए किसानों को अपना धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पडेग़ा। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोदवागोड़ान के अध्यक्ष राजेंद्र साहू एवं केंद्र प्रभारी रमाशंकर चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार इस केंद्र में अब तक लगभग 45 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है जबकि आज दिनांक तक मात्र 5 हजार क्विंटल धान का ही उठाव किया गया है। इस तरह केन्द्र में लगभग 40 हजार क्विंटल धान जाम है। अध्यक्ष का कहना है कि अगर एक दो दिनों में धान के उठाव को लेकर यही स्थिति रही तो खरीदी केन्द्र में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण न चाहते हुए भी खरीदी को बंद करनी पड़ेगी। बताया गया कि इस सत्र में कोदवागोड़ान का कुल खरीदी लक्ष्य एक लाख तीस हजार क्विंटल का है इस तरह अभी इस धान खरीदी केन्द्र में निर्धारित लक्ष्य के लिए लगभग दो तिहाई धान खरीदी और होना है। खरीदी केन्द्र के प्रभारी रमाशंकर के अनुसार केन्द्र में नए और पुराने बारदानों को लेकर भी किल्लत हो सकती है। वर्तमान में यहां जो बारदाने बचे हैं उनसे बस दो दिनों तक ही काम चलाया जा सकता है। यहीं स्थिति विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम बड़ौदा कला की भी है। जानकारी के मुताबिक यहां 14 नवम्बर से लेकर अब तक कुल 35395.20 क्विंटल धान खरीदी की गई है जिसमें से आज दिनांक तक मात्र 5701.66 क्विंटल ही धान का उठाव किया गया है शेष 29693.54 क्विंटल धान केन्द्र में ही पड़ा है। जिसके चलते अब केन्द्र में और अधिक धान खरीदने तथा उसे रखने की क्षमता नहीं है। ऐसी स्थिति में यहां भी धान खरीदी बंद होने के कगार पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि यह स्थिति सिर्फ कोदवागोड़ान तथा बड़ौदा कला भर की नहीं है बल्कि समूचे जिले के धान खरीदी केन्द्रों की कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी हुई है।

### शासन प्रशासन नहीं दिखा रहे गंभीरता



किसानो का आरोप है कि धान खरीदी को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा प्रारंभ से ही गैरजिम्मेदाराना रवैये अपनाया गया है। किसानो ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन भली भांति जनता और समझता है कि प्रदेश तथा कबीरधाम जिले में हर साल धान की समर्थन मूल्य में खरीदी नवम्बर माह से प्रारंभ हो जाती है और साल दर साल इसमें बढ़ोत्तरी भी होती है। शासन-प्रशासन के पास हर जिले से लेकर हर केन्द्र में खरीदे जाने वाले धान का लक्ष्य भी होता है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी प्रारंभ करने से पूर्व न तो पर्याप्त बारदाना की व्यवस्था की जाती है और न ही धान के उठाव के पर्याप्त इंतजाम होते हैं। जिसके कारण खरीदी के दौरान कई बार धान खरीदी बंद होते रहती है जिसका खामियाजा किसानो को भुगतना पड़ रहा है।

### मौसम के मिजाज को देखते हुए खुलेआसमान के नीचे रखे धान की बर्बादी की आशंका

जिले के धान खरीदी केन्द्रों में उठाव के आभाव में जिस ढंग से खुले आसमान के नीचे लाखों क्विंटल धान असुरक्षित ढंग से पड़ा है और आसमान में बीते करीब हप्ते भर से बादलों का डेरा बना हुआ है उसे देखकर इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि कहीं अगर मौसम ने अपना मिजाज बदला और बेमौसम बारिश अथवा इस सीजन में जिले के मौसम की तासीर के अनुरूप ओला वृष्टि हुई तो निश्चित रूप से धान की भारी बर्बादी हो सकती है। ऐसे में बेहतर यही होगा की शासन-प्रशासन अपनी व्यवस्था दुरूस्थ कर तेजी से धान का उठाव पूर्ण कराए और करोड़ों रूपए की राशि से खरीदे गए धान को सुरक्षित कराए।

# कलेक्टर ने चौपाटी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को सुबह कवर्धा नगर पालिका के सामने चल रहे सुव्यवस्थित चौपाटी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सुव्यवस्थित चौपाटी करोड़ों रुपए की लागत से चल रही है और शहरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा बनने जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने परियोजना की प्रगति का आकलन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करें। उन्होंने सीएमओं से कहा कि निर्माण कार्य में जितनी शीघ्रता हो सके, उसे पूरा करने के लिए अधिक से अधिक श्रमिकों को लगाया जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण पूरा हो सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि इस परियोजना के पूरे होने से न केवल शहर का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि यह क्षेत्रवासियों के लिए एक मनोरंजन स्थल के रूप में भी कार्य करेगा। चौपाटी का निर्माण शहरवासियों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधा के रूप में विकसित होगा, जिसमें बैठने की व्यवस्था, हरियाली अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को लेआउट कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य को पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री वर्मा ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि



निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए और समय पर सभी कार्य पूरे हो जाएं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से शहर में नया रूप व सौंदर्य आएगा और क्षेत्रवासियों को एक बेहतर सार्वजनिक स्थान की सुविधा प्राप्त होगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओं रोहित साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले का सबसे बड़ा कवर्धा शहर एक समृद्ध कवर्धा-सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से प्रदेश में एक मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने के लिए बड़े-बड़े कार्ययोजना की गई है। इसमें कवर्धा नगर पालिका के सामने सुव्यस्थित चौपाटी, गार्डन सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है।

## खबर संक्षेप

### नई पीढ़ी के लिए साहित्य संगोष्ठी का आयोजन

**कवर्धा।** गजानंद माधव मुक्तिबोध शासकीय महाविद्यालय स./लोहारा द्वारा ग्राम दैहानडीह में लगाए गए सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर गत दिनो भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम के संयोजन में नवा पीढ़ी बर साहित्य इस विषय पर काव्य गोष्ठी सह बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अंचल के नामचीन कवि, कवयित्री एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति में विषय वस्तु पर सारगर्भित चर्चा किया गया। इस संगोष्ठी में पधारे भोरमदेव साहित्य सृजन मंच के अध्यक्ष कुंजबिहारी साहू ने साहित्य से नए पीढ़ी को जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं अपने गीत व गजल से शमां बांधा। सुखदेव सिंह अहिलेश्वर जी के गुरू महिमा पर बहुत सुंदर लोकगीत से सभी लोग भावविभोर हो गए। रामकुमार साहू के चेतना के गीत ने सभा को वास्तविकता पर सोचने को मजबुर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

### आसमान में छाई बदली ठंड का असर कम

**कवर्धा।** बीते कुछ दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम का मिजाज एवं बार फिर बदला बदला सा नगर आ रहा है। स्थिति ये है कि आसमान में दिनभर बादलो ढेरा नजर आ रहा है। जिसके कारण फिलहाल ठंड का असर कम हो गया है। हालांकि सुबह सूर्योदय के पूर्व और आधी रात के बाद जरूरत हल्की ठंड महसूस हो रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में मौसम साफ होने और धूप खिलने के बाद एक बार फिर से कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

# दावेदारों की नजरे अब निकाय के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज




- संभावित दावेदारों द्वारा शुरू कर दिए गए है टिकट पाने प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में नगरीय निकायों के वार्डो का आरक्षण तय होने के बाद अब राजनैतिक दलों की नजरें कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद से लेकर जिले के दूसरे नगरीय निकाय पंडरिया, बोड़ला, पाण्डातराई, स. लोहारा, पिपरिया तथा इंदौरी के अध्यक्ष पद के आरक्षण पर टिकीं है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद का चुनाव सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाएगा।

इस लिहाज से माना जा रहा है कि नगरीय निकाय चुनाव काफी रोचक होगा। एक जानकारी के मुताबिक दिसम्बर माह के समाप्त होते-होते या फिर जनवरी माह के पहले हप्ते में अध्यक्ष पद के आरक्षण की प्रक्रिया संभवतः पूरी कर ली जाएगी। हालांकि आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण हुए बगैर ही नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राजनैतिक दलों के हर वर्ग के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जिस ढंग की हलचल देखने को मिल रही है उसे देखकर ऐसा लग रहा है मानो आरक्षण उनके ही मन मुताबिक तय होने वाला है।

विशेषकर कवर्धा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए सत्तारूढ़ दल भाजपा खेमे के कार्यकर्ताओं की बात की जाए तो इस खेमे में हर वर्ग और हर समुदाय का कार्यकर्ता उम्मीद और आस लगाए बैठा है। इसके लिए इन कार्यकर्ताओं द्वारा दौड़ भाग तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आगे पीछे अपनी मौजूदगी जी हजूरी भी शुरू कर दी गई है। यही स्थिति प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में भी देखने को मिल रही है। हालांकि कांग्रेस खेमे में फिलहाल नगरीय निकाय चुनावों को लेकर उतना उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है जितना की भाजपा खेमे में दिखाई दे रहा है।

संभवतः कांग्रेसी इस बात को अच्छी तरह से जान और समझ रहे हैं कि नगरीय निकाय चुनाव में जिसकी लाठी उसकी भैंस होती है। पिछली बार के नगरीय चुनाव का अनुभव भी यही कहता है, तब प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की सरकार काबिज थी लेकिन इस बार पस्थितियां कांग्रेस खेमे के विपरीत है। फिर भी चाहे भाजपा के कार्यकर्ता हों या फिर कांग्रेस के सभी ने नगरीय निकायों के आरक्षण के बाद अंदर खाने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और उन्हें अब अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतजार है।

### भाजपा की विशेष तैयारियां

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ दल भाजपा विशेष तैयारियां कर रही है। हाल के दिनो में भाजपा ने जिस ढंग से कवर्धा नगर पालिका से लेकर जिले के दूसरे नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में एक के बाद एक करोड़ों रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यो की सौगातें देते हुए इन कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया है उसे नगरीय निकाय चुनाव के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के रूप में ही देखा जा रहा है। बात अगर कवर्धा नगर पालिका की जाएं तो यहा भी भाजपा सरकार ने दर्जनो की संख्या में छोटे बड़े विकास एवं निर्माण कार्यो को मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है। जिसके दम पर वह आने वाले नगरीय निकाय चुनाव के रण में उतर सकती है।

# सत्य और सद्भाव के पुजारी थे बाबा घासीदासः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

प्रतिवर्षानुसार समीपस्थ ग्राम पंचायत अमरपुर के आश्रित ग्राम मदनपुर में कल गुरुघासीदास जयंती का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा जैत खंभ के पास जहां गुरुपूजन, चौका आरती तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए वहीं पंथी नृत्य एवं रात्रि कालीन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेषर पटेल ने पवित्र जैत खंभ पर सत्य और शांति का प्रतीक श्वेत ध्वज फहराने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरे सौभाग्य से मुझे परम पूज्य बाबा जी की जयंती पर उपस्थित होकर पूजन वंदन का अवसर मिला। मैं शुरू से ही गुरु घासीदास जी के प्रति आस्थावान रहा हूं और प्रायः उनकी पावन जन्म भूमि की माटी को नमन करने के लिए गिरौधपुरी भी जाता हूं। श्री पटेल ने कहा कि घासीदास बाबा सिर्फ एक समुदाय के पूज्य नहीं हैं बल्कि वे पूरे मानव समाज के आदर्श हैं!उन्होंने सम्पूर्ण मानव समाज को सत्य के मार्ग पर चलने और परस्पर प्रेम तथा सद्भाव रखने का संदेश दिया। छोटे,बड़े और



ऊंच नीच की भावना से ऊपर उठकर मानव मानव एक समान को आत्मसात करने से ही विश्व कल्याण होगा यही संदेश जन जन तक पहुंचाना उनके जीवन का लक्ष्य था। वे सच्चे अर्थों में सत्य और सद्भाव के पुजारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार रविनंदन पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमति सावित्री शत्रुहन साहू ने भी बाबा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अपने सार गर्भित विचार रखे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री पटेल का बाजे गाजे के साथ जोरदार स्वागत और मंच पर स्थानीय युवा सरपंच प्रतिनिधि प्रताप दिवाकर के नेतृत्व में अतिथियों को माल्यार्पण के साथ श्रीफल और श्वेत गमछा भेंट किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुखचैन चंद्रवंशी, नंदकिशोर यादव पंडरिया, हिमांशु ठाकुर के अलावा भाजपा नेता शिवनंदन पांडेय,जनपद सदस्य राजकुमार यादव, रोहित भास्कर, शत्रुहन साहू, रामकृष्ण बंजारे, सुनील साहू, दिसी साहू, देवलाल साहू,भाजपा नेता छुन्नी साहू, चंद्रकिशोर प्रजापति राम कंप्यूटर के संचालक जितेंद्र ठाकुर, रंजीतसिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तुलसी खांडे ने किया।

## नपा व नपं आम निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर किए गए प्रशिक्षित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगर पालिका और नगर पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के तहत जिले की समस्त नगर पालिका और नगर पंचायतों के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो ने निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया के हर पहलू को सही तरीके से समझने और लागू करने में मदद करेगा, जिससे आगामी चुनावों में कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। प्रशिक्षण में पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त और सुश्री हर्षलता वर्मा भी उपस्थित थीं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एमके गुप्ता और प्रमोद शुक्ला ने रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची, चुनावी दस्तावेजों के सही संपादन, मतदान केंद्रों की स्थापना, और चुनाव संबंधी सभी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में भी अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से समझनी होगी। उन्होंने अधिकारियों से निर्वाचन कानूनों, नियमों और प्रक्रियाओं के पालन को सुनिश्चित करने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के सभी रिटर्निंग ऑफिसरों और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ, जिससे आगामी नगरपालिका और नगर पंचायत आम चुनावों के लिए तैयारियां और चुनावी प्रक्रिया और भी अधिक सुसंगत और पारदर्शी हो सकेगी।

## घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**स लोहारा।** स. लोहारा पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए नाबालिग युवति से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 339/24 धारा 74, 75(2), 78(2), 331(3), 296, 351(3) बीएनएस और बालकों का संरक्षण अधिनियम तथा पाक्सो एक्ट की धारा 8, 12 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लोहारा क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग बालिका ने अपने माता-पिता के साथ थाना उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी की गांव के ही एक युवक ने मौका देखकर उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की है। बालिका के शोर मचाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता की इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस टीम ने फरार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिडोरा से आरोपी बिरेन्द्र कुमार उर्फ गोलू निर्मलकर पिता गजानंद आयु 23 वर्ष निवासी बिडोरा, थाना लोहारा को गिरफ्तार कर लिया।

## गिरजाघरों में आयोजित की गई विशेष प्रार्थना सभा, बड़ी संख्या में शामिल हुए समाज के लोग

# नगर सहित अंचल में मसीह समाज ने मनाया क्रिसमस



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

समूचे जिले में 25 दिसम्बर को प्रभु यीशू का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से क्रिसमस के रूप में मनाया गया। पर्व को लेकर ईसाई समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। उनके द्वारा इस बहुप्रतिक्षित त्यौहार की तैयारियां काफी समय पूर्व ही प्रारंभ कर दी गई थी।

पर्व के रोज जिला मुख्यालय कवर्धा के गिरजाघरों में आकर्षक साज सज्जा की गई थी। बुधवार को इन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मसीह समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पर्व के मौके पर स्थानीय हॉलीक्रास स्कूल में मंगलवार को विशेष तैयारियां की गई थी और प्रभु यीशू के जन्म को लेकर आकर्षक झांकी सजाई गई। जहां रात्रि 12.00 बजे बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने एकत्र होकर उनका जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इसके अलावा समुदाय विशेष के लोगों ने अपने-अपने घरों में भी पर्व के मौके पर रोशनी कर तथा एक दूसरे को आमंत्रित कर पर्व की खुशियां मनाई। ऐसी मान्यता है कि पहला क्रिसमस रोम में 336 ईसा में मनाया गया था। ईसाई पौराणिक कथा के अनुसार प्रभु ने मैरी नामक एक कुवारी लड़की के पास गैब्रियल नामक देवदूत भेजा था। गैब्रियल ने मैरी को बताया कि वह प्रभु के पुत्र को जन्म देगी तथा बच्चे का नाम जीसस रखा जायेगा।

वह बड़ा होकर राजा बनेगा तथा उनके राज्य की कोई सीमाएं नहीं होंगी। आधी रात को जीसस ने गोशाला में जन्म लिया। जिस रात को जीसस ने गोशाला में जन्म लिया उस समय लागू नियमों के अनुसार अपने नाम पंजीकृत कराने के लिए मैरी और जोसफ बेथलेहेम जाने के लिए रास्ते में थे।

उन्होंने एक अस्तबल में शरण ली जहां मैरी ने आधी रात को यीशु को जन्म दिया तथा उसे एक नांद में लिटा दिया। प्रभु के इसी जन्म दिन को आज क्रिसमस के रूप में मनाया जा रहा है।

# खपरी में तुलसी पूजन दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खपरी के महिलाओं व बच्चों द्वारा तुलसी पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में तुलसी पौधा के समक्ष पुष्प माला श्रीफल अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया गया तथा आरती कर तुलसी माता की परिक्रम की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक सरिता चन्द्रवंशी ने तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मनाने की नई परम्परा है। तुलसी एक दिव्य औषधि पौधा है, तुलसी असाध्य रोगों का निवारण करती है। हिन्दू संस्कृति में माना जाता है कि जिस घर मे तुलसी का पौधा होता है वह घर तीर्थ के समान होता है। इसके पूजन से मनुष्यों की मनोकामना पूर्ण होती है। जन्म से लेकर मृत्यु तक बिना तुलसी के कोई भी धार्मिक कार्य पूरा नही होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी तुलसी पृथ्वी के महत्वपूर्ण औषधि पौधों में से एक औषधि पौधा है जो कि औषधीय तत्वों से भरपूर है। तुलसी का पौधा वातावरण को शुद्ध के साथ इसमें एंटीबैक्टीरियल एंटीफंगल एंटीवायरस भी पाए जाते है। तुलसी का पौधा में इतना गुण होने के वजह से लोगों को बतलाने के लिए ये आयोजन सभी जगह किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सभी को अधिक से अधिक तुलसी पौधा रोपण करने की शपथ दिलाई गई। इस पूजन कार्यक्रम में शुशीला चंद्रवंशी, सोनम चंद्रवंशी, साधना, सरिता चन्द्रवंशी, सुरेखा साहू, सरिता चंद्रवंशी, अनुष्का सहित बच्चे व महिलाएं मौजूद थे।